भाद्रपद कृष्ण पक्ष-13, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 70 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
31 अगस्त 2024 शनिवार

आज का मौसम
30 अधिकतम
23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

# मप्र सीएसः पुराना दावेदार रेस से बाहर

## अब वीरा समेत चार नाम दौड़ में, सेवानिवृत हो रहे बंदोपाध्याय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय प्रशासनिक सेवा के सबसे वरिष्ठ अफसरों में शुमार और कभी मुख्यसचिव पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे आईएएस संजय बंदोपाध्याय आज सेवानिवृत हो रहे हैं। वे भोपाल डीआरएम रहे सौरभ बंदोपाध्याय के भाई भी हैं। वह अपर मुख्य सचिव के पद से रिटायर होंगे, सरकार ने उन्हें कर्मचारी चयन मंडल का अध्यक्ष बनाया था। रिटायर होने के बाद अपर मुख्य सचिव का खाली होने वाला एक पद प्रमुख सचिव स्तर में सबसे वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसर संजय दुबे को मिल सकता है।



1988 बैच के अधिकारी संजय बंदोपाध्याय जबलपुर समेत अन्य जिलों में कलेक्टर रहे बाद में लंबे समय तक केंद्र में विभिन्न पदों पर रहे। जब वे जनवरी 2024 में केंद्र से मप्र लौटे तभी मुख्य सचिव वीरा राणा को सेवावृद्धि देने पर विचार चल रहा था, तब संजय इस पद तक पहुंचने में सफल नहीं हुए। सरकार ने उन्हें कर्मचारी चयन मंडल का चेयरमैन बना दिया था।

उल्लेखनीय है कि सीएस वीरा राणा का कार्यकाल 30 सितंबर को खत्म हो रहा है। सीएस की दौड़ में अभी खुद वीरा राणा दूसरे एक्सटेंशन के साथ पांच वरिष्ठ आईएएस के साथ शामिल मानी जा रही हैं। बाकियों में अनुराग जैन अभी केंद्रीय भूतल परिवहन सचिव है। एसएन मिश्रा एसीएस गृह है। राजेश राजौरा तथा मो. सुलेमान भी हैं।

# पति के बाद पत्नी बनेंगी सीएस

**तिरुवनन्तपुरम, एजेंसी।**



पति के रिटायर होने के बाद पत्नी का मुख्यसचिव बनने की 'घटना' प्रशासनिक इतिहास में यह दुर्लभ घटना मानी जा रही है। यह केरल में होगा जहां मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने निवर्तमान मुख्य सचिव वी.वेणु के विदाई समारोह के दौरान इसका ऐलान किया। वेणु आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वेणु की जगह उनकी पत्नी शारदा मुरलीधरन मुख्य सचिव बनेंगी, जो अभी अतिरिक्त मुख्य सचिव पद पर हैं। विजयन ने राज्य में कई ऐसे उदाहरणों का भी जिक्र किया, जहां दंपतियों ने कलेक्टर का कार्यभार एक से दूसरे को सौंपा हो। उन्होंने कहा कि केरल के इतिहास में यह पहली बार है कि मुख्य सचिव का पद पति ने अपनी पत्नी को सौंपेंगी। इस दुर्लभ परिवर्तन पर मुरलीधरन ने कहा कि यह उनके लिए एक अजीब क्षण है, क्योंकि वह अपने पति को अलविदा कह रही हैं।

### सस्पेंस खत्म, धर्मेंद्र सीएस बने

दिल्ली के नए मुख्य सचिव को लेकर सस्पेंस खत्म हो गया है। आईएएस धर्मेंद्र को दिल्ली का नया मुख्य सचिव बनाया गया है। वो 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। धर्मेंद्र दिल्ली के चीफ सेक्रेट्री नरेश कुमार की जगह लेंगे। नरेश कुमार को एक्सटेंशन नहीं मिला है।



## विमुक्ति दिवस कार्यक्रम में सीएम करेंगे पोर्टल लांच

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



मुख्यमंत्री मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आज अपरांह विमुक्त दिवस पर रविंद्र भवन में विशेष कार्यक्रम हों रहा है। मुख्यमंत्री विभागीय पोर्टल समर्थ लांच करेंगे। विमुक्त, घुमंतु और अर्धघुमंतु कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा गौर इस मौके पर मौजूद रहेंगी। विभाग संचालक नीरज वशिष्ठ के मुताबिक मप्र में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के अंतर्गत कुल 51 जातियॉं शामिल हैं। इनमें से 30 जातियों को घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय एवं 21 जातियों को विमुक्त समुदाय में वर्गीकृत किया गया है। वहीं इस कार्यक्रम से पहले सीएम यादव ने मानस भवन में भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत की।

## एक सितंबर को लालू की पार्टी करेगी आंदोलन

**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एक सितंबर से आंदोलन करेगी। इस एलान नेता प्रतिपक्ष व पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने किया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता का हक किसी को छीनने नहीं दे सकते हैं। इसलिए हमारी पार्टी 2023 में हुए जाति सर्वेक्षण के निष्कर्षों को संविधान की अनुसूची 9 के तहत शामिल करने की मांग को लेकर एक सितंबर को आंदोलन करेगी।

## 82 डिग्री तापमान, रिकॉर्ड तोड गर्मी में झुलसा ईरान

**तेहरान, एजेंसी।**

दक्षिणी ईरान में डेरेस्टन हवाई अड्डे के पास मौसम केंद्र ने 82.2□यानि (180□F) तापमान दर्ज किया है। फिलहाल इसे क्रास चेक किया जा रहा है यदि इस इलाके में तापमान इस हद तक बढ़ने की पुष्टि हो जाती है तो ये धरती पर अब तक दर्ज किया गया उच्चतम तापमान सूचकांक होगा। यूएस नेशनल वेदर सर्विस के आंकड़ों के मुताबिक, हवा का तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस (102 डिग्री फारेनहाइट) और सापेक्ष आर्द्रता 85प्रतिशत थी, जिसके नतीजे में ये चौंकाने वाला गर्मी सूचकांक हुआ। इन आंकड़ों पर अमेरिका स्थित मौसम विज्ञानी कॉलिन मैक्कार्थी ने इसकी वैधता को सत्यापित करने के लिए आधिकारिक जांच का आह्वान किया है ताकि तय किया जा सके कि ये रीडिंग सटीक हैं, उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया के अधिकांश हिस्से को गर्म लू प्रभावित कर रही है। इससे क्षेत्र की स्थिति और भी मुश्किल हो गई है। कॉलिन ने धहरान, सऊदी अरब में हाल में दर्ज तापमान का भी जिक्र किया। वहां के एक स्टेशन ने हाल ही में ओस बिंदु को 93□F (33.9□C) तक मापा है।



## आज का कार्टून




## शंभू बार्डर पर बढी हलचल, धरने के 200 दिन पूरे

# बार्डर पर विनेश..किसान आंदोलन में नया मोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

लंबे वक्त से शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन को आज नया मोड ले लिया है। आज इस आंदलोन को 200 दिन भी पूरे हो गए हैं और इस मौके पर किसान बड़ी संख्या में इकट्ठे होकर बड़े प्रदर्शन की योजना बना रहे हैं वहीं ओलंपियन विनेश फोगाट शंभू बॉर्डर पहुंच गईं, जहां किसान नेताओं ने उनका माला पहनाकर सम्मान किया। किसानों ने आगामी हरियाणा चुनावों के लिए अपनी रणनीति का खुलासा करने का भी संकेत दिया है। किसान नेताओं ने संकेत दिया कि वे राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में सक्रिय भूमिका निभाने के अपने इरादे पर जोर देते हुए आने वाले दिनों में अपने अगले कदम की घोषणा करने की योजना बना रहे हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से लेकिन बहुत तीव्रता से चल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उनके संकल्प की परीक्षा ले रही है और उनकी मांगें अभी तक पूरी नहीं हुई हैं हम एक बार फिर सरकार के सामने अपनी मांगें रखेंगे और नई घोषणाएं भी की जाएंगी। किसानों ने बॉलीवुड अभिनेत्री और बीजेपी सांसद कंगना रनौत के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी तेज कर दी है। जिनकी टिप्पणियों ने पहले किसान समुदाय के बीच विवाद और विरोध को जन्म दिया है। बता दें कि पुलिस-प्रशासन द्वारा किसानों को दिल्ली कूच करने से रोके जाने के बाद से किसान 13 फरवरी से शंभू बॉर्डर पर बैठे हैं. प्रदर्शनकारी अन्य प्रमुख मुद्दों के अलावा सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं।



### 'हर बात पॉलिटिकल नहीं'

**विनेश फोगाट ने कहा- आज किसानों को यहां बैठे 200 दिन हो गए, लेकिन जोश पहले दिन जैसा ही है। आपकी बेटी आपके साथ है। मैं सरकार को कहती हूं कि देश के लोग हक की आवाज उठाते हैं तो हर बार यह पॉलिटिकल नहीं होता। इसे किसी धर्म से नहीं जोड़ना चाहिए।**

# हसीना का प्रत्यर्पण नहीं हुआ तो...बांग्लादेश के तेवर कड़े

### विवादास्पद अडानी बिजली समझौते की समीक्षा होगी

**बांग्लादेश** की पूर्व पीएम शेख हसीने के प्रत्यर्पण की मांग तेज हो गई है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा है कि भारत और बांग्लादेश के संबंधों में नया अध्याय शुरू करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का प्रत्यर्पण जरूरी है। उन्होंने कहा कि हसीना की भारत में मौजूदगी से द्विपक्षीय संबंध और खराब हो सकते हैं। बीएनपी सत्ता में आने पर अवामी लीग शासन के दौरान हुए विवादास्पद अदानी बिजली समझौते की समीक्षा करेगा, क्योंकि इससे बांग्लादेश के लोगों पर 'तबाही भरा दबाव' बढ़ रहा है। आलमगीर ने भारत के साथ मजबूत संबंधों की इच्छा जाहिर है और कहा कि उनकी पार्टी 'पिछले मतभेदों को पीछे छोड़कर सहयोगी' रवैया अपनाने के लिए तैयार है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बीएनपी बांग्लादेश की धरती पर भारत की सुरक्षा के खिलाफ किसी भी तरह की गतिविधियों की इजाजत नहीं देगा। लोकिन अल्पसंख्यकों की सुरक्षा बांग्लादेश का 'आंतरिक मामला' है।



# एयरलिफ्ट किए जा रहे हेलिकॉप्टर को वायुसेना ने घाटी में ड्राप किया

**देहरादून, एजेंसी।**

केदारनाथ से गौचर के बीच भीमबली के पास एक हेलिकॉप्टर घाटी में गिर गया। इसे वायुसेना के MI-v| से एयरलिफ्ट किया जा रहा था लेकिन हवा के असर और हेलिकॉप्टर के वजन से जब बैलेंस बिगड़ने लगा तो खुद पायलट ने उसे घाटी में ड्रॉप कर दिया। बताया जाता है कि केस्ट्रल एविएशन का यह हेलिकॉप्टर 24 मई को खराब हो गया था। इसने 6 यात्री के साथ इमरजेंसी लैंडिंग की थी। तभी से यह हेलीपैड पर खड़ा था। इसकी गौचर एयरबेस पर रिपेयरिंग होनी थी।

बताया जाता है कि आज हेलिकॉप्टर में न तो कोई यात्री था, न सामान, इसलिए किसी तरह के जान-माल के नुकसान नहीं हुआ। हालांकि ऐहतियातन एसडीआरएफ जवानों ने घटनास्थल पर पहुंचकर हेलिकॉप्टर के मलबे में सर्चिंग की। आज जब इसे एयरलिफ्ट किया जा रहा था तब हवा के असर व वजह के चलते डिसबैलेंस होने लगा। खतरे को देखते हुए पायलट ने हेलिकॉप्टर को घाटी में ही ड्रॉप कर दिया। अगर ऐसा नहीं होता तो एयरलिफ्ट करने वाला हेलिकाप्टर भी दुर्घटनाग्रसत हो सकता था।



## बाढ़ के बीच फूड डिलीवरी, भावुक हुए लोग, जोमेटो देगी ईनाम

**अहमदाबाद, एजेंसी।**

भारी बारिश तूफान व बाढ से जूझ रहे गुजरात के कई हिस्सों में तबाही व जलभराव है। ऐसे में फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो के डिलीवरी मैन का वीडियो देखकर लोग इमोशनल हो गये हैं। वीडियो में वह अहमदाबाद में घुटनों से भी ऊपर पानी में चलता हुआ किसी को खाना डिलीवर करने जा रहा है। उसके आस पास कारें और बसें भी कुछ हद कर डूबी नजर आ रही हैं। इसकी 16 सेकंड की क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें ज़ोमैटो के सीईओ दीपिंदर गोयल से डिलीवरी मैन को उसके कमिटमेंट और डिटर्मिनेशन के लिए इनाम देने को भी कहा गया है। जोमैटो ने भी इसपर जवाब देकर डिलीवरी एजेंट को पहचानने के लिए विकुंज ऑर्डर आईडी बताने को कहा ताकि उसे उचित इनाम दिया जा सके।



## मप्र में कल से स्ट्रांग मानसून सिस्टम, पूरा प्रदेश भीगेगा



**भोपाल/गुजरात, एजेंसी।**

गुजरात में मानसूनी सिस्टम से तबाही मची हुई है। वहीं मध्यप्रदेश में कल 1 सितंबर से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने वाला है।इससे पूरा प्रदेश भीगेगा। 35 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले आज सीहोर-देवास समेत 12 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। बताया जा रहा है कि बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया सिस्टम एक्टिव है। दूसरी ओर, मानसून ट्रफ ऊपर से गुजर रही है। इसके असर से शनिवार को ज्यादा जिलों में तो तेज बारिश नहीं होगी, लेकिन 1 से 3 सितंबर तक पूरे प्रदेश में भारी बारिश का दौर शुरू होगा। भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत अन्य जिलों में हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी।

### प्यार का बंधन..

## 14 महीने की कैद में जागा दोतरफा मोह

# किडनैपर का साथ छोड़ने के लिए तैयार नहीं मासूम, पुलिस ने जबरन मां को सौंपा

**जयपुर, एजेंसी।**

बालमन की सहजता व निश्छल प्रेम की एक ऐसी मिसाल जयपुर में सामने आई, जब पुलिस ने एक मासूम बालक के किडनेपर को पकडकर उसके कब्जे से बच्चे को छुडाकर मां को सौंपा तो बच्चा मां के पास जाने के बजाए किडनैपर के पास जाने के लिये मचल रहा था और जोर जोर से रो रहा था। इसे देखकर पुलिसकर्मी भी द्रवित नजर आ रहे थे। खुद किडनेपर की आंखों से आंसू बह रहे थे। इस बच्चे को उसने करीब 14 महीने अपने 'कब्जे' में रखा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे को अगवा करने वाले आरोपी का नाम तनुज चाहर है, जो उप्र पुलिस का निलंबित हेड कांस्टेबल है। उसे जयपुर पुलिस ने अलीगढ़ से अरेस्ट किया। उसने दाढ़ी- मूंछ बढ़ाकर और भगवा चोला पहन कर साधु का वेश धारण कर रखा था। उसने ही पिछले साल सांगानेर से पृथ्वी उर्फ कुक्कू का अपहरण किया था, तब बच्चा महज 11 महीने का था। थाने में किडनैपर से बिछड़कर बच्चा जोर-जोर से रोने लगा और आरोपी से बार-बार लिपटता रहा। पुलिसकर्मियों ने बिलखते बच्चे को थाने के बाहर खड़ी उसकी मां के गोद में दे दिया, तब भी बच्चा मां के पास जाने व गोद में रहने को तैयार नहीं दिख रहा था। पुलिस उपायुक्त दिगंत आनंद ने बताया कि कुक्कु उर्फ पृथ्वी को तनुज ने अपने चार-पांच साथियों के साथ घर से किडनेप कर लिया था। अगवा किए गए बच्चे की बरामदगी के लिए कई राज्यों में छापेमारी की गई, फिर 27 अगस्त को खेतों में पीछा कर आरोपी तनुज चाहर को पकड़ा गया।





### बच्चे की हर जरूरत पूरी करता रहा..

14 महीने तक अपनी कैद में रखने के बाद भी किडनैपर ने बच्चे को किसी तरह की कोई चोट नहीं पहुंचाई। बल्कि उसके लिए नए कपड़े और खिलौने से लेकर हर ख्वाहिश पूरी की। पुलिस कस्टडी में आरोपी 2 साल के पृथ्वी को पहले तो खुद का बच्चा बताता रहा। बताया जाता है कि बच्चे के अपहरण के बाद भी आरोपी तनुज चाहर बच्चे की मां से अपनी बात मनवाने के लिये बार बार कॉल करता था वह तो बच्चे की मां को भी वो अपने पास रखना चाहता था। इससे पुलिस को प्रेम-प्रसंग की भी आशंका है। हालांकि आरोपी ने माना है कि वह बच्चे की मां को मन ही मन पसंद करता था और साथ रखना चाहता था।

एमसीयू

## कुलगुरु प्रो. सुरेश केरल के राज्यपाल से मिले, किया भोपाल आमंत्रित



**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) के.जी. सुरेश ने शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम में राजभवन में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की। आयोजित एक सम्मेलन के सिलसिले में केरल के दौरे पर आए प्रो. सुरेश ने राज्यपाल से मुलाकात की और उन्हें एशिया के पहले और भारत के सबसे बड़े मीडिया विश्वविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने राज्यपाल को उज्जैन के महाकाल मंदिर का प्रसाद भी भेंट किया। कोरोना के दौरान राज्यपाल ने एमसीयू के एक ऑनलाइन सम्मेलन को संबोधित किया था, जिसकी अध्यक्षता तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की थी। कुलगुरु प्रो. सुरेश ने राज्यपाल को बताया कि एमसीयू जल्द ही कोझीकोड स्थित महात्मा गांधी संचार महाविद्यालय के साथ डिजिटल मीडिया में संयुक्त प्रमाणन कार्यक्रम (ज्वाइंट सर्टिफिकेशन प्रोग्राम) शुरू करेगा। उन्होंने राज्यपाल को संकाय और छात्रों को संबोधित करने के लिए भोपाल आमंत्रित भी किया। राज्यपाल ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। उन्होंने केरल में संयुक्त प्रमाणपत्र कार्यक्रम शुरू करने के एमसीयू के निर्णय पर प्रसन्नता भी व्यक्त की।

## पात्रता परीक्षा संघ का 5 सितंबर को राजधानी में धरना-प्रदर्शन

**भोपाल।** उच्च एवं माध्यमिक स्थाई शिक्षक भर्ती 2018 नाम मात्र के पदों पर 6 वर्षों से बहुत ही धीमी गति से चल रही है। जिसके कारण हजारों अभ्यर्थी अपनी निर्धारित आयु सीमा को पार कर रहे हैं।?ऐसे में प्रदेश के तमाम भावी शिक्षक हजारों की संख्या में एकत्रित होकर 5 सितंबर 2024 को शिक्षक दिवस के दिन राजधानी भोपाल में उपेक्षित रहे विषयों में पद वृद्धि के साथ तृतीय काउंसलिंग का कराने प्रदर्शन करेंगे। पात्रता परीक्षा संघ के प्रदेश संयोजक श्यामलाल रविदास, नारी शक्ति संगठन संयोजक राम देवी पटेल सहित उमेश लिल्हारे, रामेश्वर कुमावत व अन्य अभ्यर्थियों ने बताया कि उच्च एवं माध्यमिक शिक्षक भर्ती में प्रथम एवं द्वितीय काउंसलिंग होने के बाद भी माध्यमिक शिक्षक भर्ती के 2237 एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती के 5935 पद आज तक शेष हैं। इन पदों पर अभी तक तृतीय काउंसलिंग नही की गई।

## ट्रैफिक सिग्नल के पास रोड़ उखड़ी, नगर निगम आयुक्त से मांगा जवाब

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल में ट्रैफिक सिग्नल के पास रोड़ उखडने और पानी भरने के मामले में संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त से मामले की जांच कराकर जन सुरक्षा एवं सुरक्षित यातायात-आवागमन हेतु की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन 15 दिनों में मांगा है। आयोग के सज्ञान में आया है कि भोपाल के सोनागिरी चौराहे स्थित पिपलानी पेट्रोल पंप के सामने वाली सड़क पर गड्ढे होने के कारण वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे है। बारिश के दिनों में सड़क पर मौजूद गड्ढों में पानी भर जाता है और इस कारण वाहन चालक निचे गिरकर घायल हो रहे है।

## लाइलाज समस्या: ओवर ब्रिज हुआ पानी पानी...





राजधानी में तेज हुई बारिश से वीर सावरकर ओवर ब्रिज के पास पानी भरा और जाम लगा भी लगा। जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

### चेयर कार सिंटिंग होगी

## अब भोपाल से लखनऊ के लिए भी अक्टूबर से वंदेभारत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अब राजधानी से लखनऊ जाने वाले रेल यात्रियों के लिए नई सुविधा शुरू हो रही है। अक्टूबर के शुरुआती सप्ताह में इस रूट पर एक और वंदे भारत शुरू हो जाएगी। यह वंदे भारत चेयर कार सिटिंग होगी, जिसे आठ कोच के साथ चलाया जाएगा। हालांकि इसकी आधिकारिक शेड्यूल अभी जारी नहीं किया गया है।मगर बताया जा रहा है कि इस ट्रेन में कुल 564 सीट्स होंगी। यह भोपाल रेल मंडल से चलने गुजरने वाली चौथी वंदे भारत होगी। इससे पहले आरकेएमपी यानि हबीबगंज से हजरत निजामउद्दीन, इंदौर से नागपुर और आरकेएमपी से रीवा के लिए वंदे भारत चलाई जा रही हैं। भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों के



अनुसार इसे लेकर बोर्ड तैयारियां कर रहा है। जल्द ही भोपाल रेल मंडल के रेल यात्रियों को यह सुविधा मिलेगी।

**दो स्लीपर वंदे भारत भी:** बतााया जाता है कि दिसंबर में भोपाल से पटना और नॉर्दर्न रेलवे से मुंबई के लिए चलेगी। यह दोनों ही स्लीपर वंदे भारत होंगी। दोनों ही ट्रेनें 16-16 कोच के साथ चलेंगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह दोनों ट्रेनों की तैयारी बोर्ड ने की है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में 16 कोच होंगे जिसमें एसी 3 टियर के 11 कोच, एसी 2 टियर के 4 कोच, एसी फर्स्ट के एक कोच होंगे। इस ट्रेन में कुल 823 यात्रियों की बर्थ क्षमता होगी, जिसमें एसी 3 टियर में 611 यात्री, एसी 2 टियर में 188 यात्री और एसी फर्स्ट में 24 यात्री यात्रा कर सकते हैं।

भोपाल रेल मंडल का दावा है कि अब तक वंदे भारत ट्रेन को पूरे भारत से बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए बोर्ड की तरफ से कुछ वंदे भारत प्लान की जा रही है। आरकेएमपी से लखनऊ के लिए चेयरकार, आरकेएमपी से पटना और एनसीआर से मुंबई जाएगी दो स्लीपर वंदे भारत चलेंगी।

## कोरल वुड्स के लेआउट में संशोधन पर हाईकोर्ट ने दी अंतरिम राहत

### टीएनसीपी व डेवलपर से जवाब-तलब

**भोपाल/जबलपुर, दोपहर मेट्रो।**

एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में उच्च न्यायालय ने राजधानी के कोरल वुड्स आवासीय परियोजना में अनधिकृत संशोधनों को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत दी है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट द्वारा नोएडा के सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट टावरों के विध्वंस के लिए दिए गए ऐतिहासिक आदेश के समान माना जा रहा है।स्न जिसमें स्वीकृत योजनाओं के उल्लंघन के कारण विध्वंस का निर्देश दिया गया था।

इस मामले में न्यायालय में दायर की गई याचिका में आरोप लगाया गया है कि कोरल वुड्स परियोजना के लेआउट में बिना निवासियों की सहमति के संशोधन किए गए हैं, जो रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 और



मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 का उल्लंघन करते हैं। याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रही अधिवक्ता तनिष्का अजमानी ने तर्क किया कि ये अनधिकृत संशोधन ऐसे भूमि पर अतिरिक्त निर्माण की अनुमति देते हैं, जिसे मूल रूप से गोल्फ कोर्स और अन्य सुविधाओं के लिए निर्धारित किया गया था, और यह निवासियों को वादा किया गया था। न्यायाधीश जीएस अहलूवालिया ने राज्य, नगर और ग्राम निवेश निदेशक और संबंधित रियल एस्टेट डेवलपर्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा व स्पष्ट किया कि निर्माण गतिविधियाँ याचिका के अंतिम परिणाम पर निर्भर करेंगी।

## मिठी में विद्यार्थियों व पालकों के लिए कॅरियर काउंसलिंग

**हिरदाराम नगर।** शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी द्वारा संचालित नवनिध एवं मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कॅरियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। दोनों स्कूलों में कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच काउंसलर हेमंत बिस्ट पहुंचे। उन्होंने कहा कि सपने एक दिन में पूरे नहीं होते उसके लिए निरंतर प्रयास करना पड़ता है। हमें यह तो पता है कि हमें क्या बनना है, लेकिन कैसे बनना है ,यह मालूम नहीं होता है। विद्यार्थी का व्यक्तित्व, रुचि एवं दिमागी स्तर को ध्यान में रखते हुए भविष्य के लिए निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने करियर काउंसलिंग में काम कर रहीं संस्थाओं की जानकारी दी। अभिभावकों से मुखातिब होते हुए आपने बताया कि हमें बच्चों की रुचि के अनुसार आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। कभी भी अपने बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डाला जाए, बच्चे का जो व्यक्तित्व है उसे स्वीकार करें। माता-पिता को इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि वह अपने बच्चों की कभी भी दूसरे बच्चों से तुलना न करें न ही उन्हें हतोत्साहित करें।

## राजधानी में बुंदेली समागम की शुरूआत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के श्यामला हिल्स स्थित जनजातीय संग्रहालय में नवयुग प्रवर्तक बहुउद्देशीय सर्व कल्याण समिति की ओर से आज से 2 सितंबर तक बुंदेली समागम शुरू हुआ है। इसका उद्देश्य बुंदेलखंड की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं, और कला को संरक्षित और प्रचारित करना है। स कार्यक्रम में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा और मुकेश तिवारी का बुंदेली संवाद होगा। साथ ही पंचायत वेब सीरीज में रिंकी का रोल करने वाली अभिनेत्री सांविका भी मौजूद रहेंगी। सके अलावा प्रसिद्ध कवयित्री अनामिका जैन अंबर अपनी काव्य प्रस्तुति देंगी, तो वही इंडियन आइडियल फेम वैशाली रैकवार की आवाज में सुरीले गीतों का आनंद ले सकेंगे। इसके अलावा स्टैंडअप कॉमेडियन जय विजय सचान भी बुंदेली समागम में शिरकत करेंगे।

### जिम्मेदार नागरिक बनाने का काम करता है एनसीसी

## एनसीसी कैड्ेटस को ए ग्रेड सर्टिफिकेट मिले



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सामाजिक व शैक्षणिक संस्था नवयुवक सभा के सभागार में 4 एम.पी गर्ल्स एन.सी.सी ए-ग्रेड सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रैंक सीएचएम अनुप कुमार ने एनसीसी कैड्ेटस को सर्टिफिकेट दिए।

इस अवसर पर सभा के सचिव सुरेश राजपाल ने कहा कि एनसीसी में देश सेवा के प्रति अपने उत्तरादायित्व का संस्कार रोपित किया जाता है। एक अच्छे नागरिक बनने का पाठ पढ़ाया जाता है। एन.सी.सी कैडेट द्वारा डॉली श्रेष्ठ, भावना माली, क्षमा चौकसे ने अपनी एनसीसी यात्रा की झलक याद की। अनूप कुमार ने कहा कि एनसीसी से जुड़कर विद्यार्थी छात्र जीवन से ही जिम्मेदार नागरिक बनने की ओर अग्रसर होता है। विद्यालय की प्राचार्या ज्योति चौहान ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सना महूज, शिक्षक गण व विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन नेहा चेनानी ने किया।

## भाजपा सदस्यता अभियान के सह प्रभारी बने दिनेश मिश्रा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश के संयोजक मदन लाल राठौड़ द्वारा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की अनुशंसा पर सहकारिता प्रकोष्ठ में सदस्यता अभियान प्रभारी एवं सह प्रभारी की नियुक्ति की गई है द्य पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि दिनेश मिश्रा को भोपाल जिला सदस्यता अभियान (सहकारिता प्रकोष्ठ) में जिले का सह प्रभारी नियुक्त किया है।

## संस्कार विद्यालय की तारीफ की विद्या भारती के प्रचारकों ने

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संस्कृति ज्ञान परीक्षा के अखिल भारतीय संयोजक एवं शारीरिक शिक्षा के अखिल भारतीय संयोजक मुख्यालय कुरूक्षेत्र से संतनगर आए। दीप माला पागारानी पब्लिक स्कूल को अवलोकन किया। दुर्ग सिंह राजपुरोहित, आर्य संस्कृति ज्ञान परीक्षा क्षेत्र छतीसगढ़ मध्य भारत संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रचार प्रमुख विष्णु, चंदेवा भोपाल विभाग के विभाग समन्वयक दीपक, सरस्वती विद्या मंदिर दीनदयाल कॉलोनी भोपाल के प्राचार्य दिनेश सिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया और विद्यालय प्रबंधन के पदाधिकारियों से चर्चा की। विद्यालय के भवन, सभाग्रह, लाईब्रेरी, कम्प्यूटर लेब एवं साइंस लेब को देखा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गीत से स्वागत किया।

विद्या भारती के प्रचारकों ने कहा कि संस्था के संचालन के लिए प्रबंधन समिति बधाई की पात्र है। प्रबंधन समिति की ओर से अतिथियों का शाल पहनाकर एवं पुस्तकें भेंट कर सम्मान



किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी सचिव बसंत चेलानी विद्यालय के प्राचार्य आर.के. मिश्रा, उपप्राचार्या मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम उपस्थित थी।

मेट्रो एंकर

### नवनिध में खेल दिवस पर विभिन्न गतिविधियां हुईं

## खेल दिवस विकास में खेलों की भूमिका के स्मरण का दिन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। विद्यालय में बैडमिंटन, खो-खो, नींबू दौड़, रस्सी कूद, बोरी दौड़, शतरंज, वॉक रेस, लंगड़ी टांग दौड़ जैसी गतिविधियां की गई।



विद्यालय के खेल विभाग की विभागाध्यक्ष अंतिमा टेओटिया ने राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर हर साल खेल दिवस मनाया जाता है। अंतिमा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। छात्राओं को खेल एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना आवश्यक है, ताकि वे शारीरिक रूप से बलवान एवं स्वस्थ बनें और भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश के प्रति अपनी ज़म्मिदारियों को कुशलता के साथ निभा सकें।

विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि यह हमारे विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका का स्मरण है। खेलों के माध्यम से छात्राएँ टीमवर्क, दृढ़ता व अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल सीखती हैं। हमें उनके खेल के प्रति जुनून को प्रोत्साहित और पोषित करना चाहिए, क्योंकि यह एक स्वस्थ और संतुलित जीवन का मार्ग है।

कार्यक्रम का संचालन स्पोर्ट्स कोचेस पूजा कश्यप, पूजा आनंद, नीतू कुशवाह, शिवानी कुशवाह एवं चंचल कुशवाह द्वारा किया गया।

## देश का लोकतंत्र विश्व में सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में गिना जाता है: गुप्ता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित पं. कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ में शुक्रवार को युवा संसद प्रभारियों का प्रशिक्षण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया। इसके उद्घाटन सत्र में अपर मुख्य सचिव संसदीय कार्य विभाग केसी गुप्ता शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर मुख्य सचिव ने युवा संसद प्रभारियों को बताया कि भारत का लोकतंत्र दुनिया में अपनी विशिष्टता के कारण विशेष पहचान रखता है। देश का लोकतंत्र विश्व में सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में गिना जाता है। उन्होंने कहा कि युवा संसद प्रभारियों की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण है। वे अपने शैक्षणिक संस्थानों में युवा संसद का मंचन कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बच्चे और युवा देश के भविष्य हैं। इन्हें संसदीय प्रणाली का ज्ञान होना जरूरी है। कार्यक्रम को डॉ. एन.के. थापक कुलगुरू एलएनसीटी विश्वविद्यालय एवं डॉ. धर्मेन्द्र पारे निदेशक जनजातीय संग्रहालय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्रालय के उप सचिव ए.बी. आचार्य ने युवा संसद प्रभारियों के सवालों के जवाब दिये। उन्होंने कहा कि नागरिकों के अनुशासन और निष्ठा से लोकतंत्र को मजबूती मिलती है।

# हमारा सरोकार सामाजिक न्याय



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# '31 अगस्त-विमुक्ति दिवस'

# राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## गरिमामयी उपस्थिति

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री

अपराह्न 3:00 बजे - रवीन्द्र भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश

**विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु समुदायों को सबके साथ आगे बढ़ने के अधिकार और अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध मध्यप्रदेश सरकार**

### प्रदेश में निवासरत विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु समुदायों की 51 जातियां

बलदिया, बाछोबालिया, भाट, भन्तु, देसर, दुर्गी मुरागी, घिसाड़ी, गोंधली, ईरानी, जोगी जोगी कनफटा, जोशी बाल संतोषी, जोशी बहुलीकर, जोशी बजारिया, जोशी बुदुबुरुकी, जोशी चित्राबठी, जोशी हरदा, जोशी नादिया, जोशी हरबोला, जोशी नामदीवाला, जोशी पिंगला), काशीकापड़ी (काशीकापड़ी हरदा, काशीकापड़ी हरबोला), कलन्दर नागफड़ा, कामद, करोला, कसाई (गडरिए), लोहार पिट्टा (गाडिया लोहार), नायकड़ा (नायकड़ा मील), शिकलिगर( बरधिया, सैगुलगोर, सरानिया, शिकलिगर) सिरंगी वाला कुचबन्द (कुचबन्द), सुदुगुदु सिदन(बहुरूपिया), बनीयन्थर राजगोंड, गद्दीज, रेबारी (पशु-पालक), गोलर (गोलम, गोला, बालाघाट गोलकर), गोसाँई, भराडी हरदास, भराडी हरबोला, हेजरा, धनगर कंजर, सांसी, बंजारा बनछड़ा, मोघिया, कालबेलिया, मानमत, बगरी, नट, पारधी, बेदिया, हाबुड़ा, भाटू, कुचबन्दिया, बिजोरिया, कबूतरी, सन्धिया, पासी, चन्द्रबेदिया, बैरागी, सनोरिया




**छात्रवृत्ति योजनाएं**

कक्षा 1 से 12 तक छात्र -छात्राओं को छात्रवृत्ति योजनाओं का मिल रहा लाभ।

**विमुक्त जाति छात्रावास**

छात्रावास/आश्रम/ सामुदायिक कल्याण केन्द्रों के माध्यम से बालक-बालिकाएं हो रहे लाभान्वित।

**आर्थिक विकास के लिये स्वरोज़गार योजना**

स्वरोज़गार ऋण देकर इन समुदायों के युवाओं के लिए रोज़गार एवं प्रशिक्षण के अवसरों का निर्माण।

**"समर्थ पोर्टल"**

मोबाइल एप के माध्यम से समर्थ पोर्टल पर समुदायों का चिन्हांकन एवं पंजीकरण कर केन्द्र एवं राज्य की योजनाओं का लाभ हो रहा सुनिश्चित।

**कन्या शिक्षण हेतु प्रोत्साहन**

कक्षा 11 में अध्ययनरत बालिकाओं को आर्थिक प्रोत्साहन।

**बस्ती विकास योजना**

विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ बाहुल्य बस्तियों, ग्राम वार्ड, मोहल्ले, मजरे, टोलों एवं डेरों में सी.सी. रोड, नाली, सार्वजनिक शौचालय, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं एवं सामुदायिक भवन निर्माण।

D-11060-24

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश से जुड़ने के लिए स्कैन करें

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

**मध्यप्रदेश शासन**

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

## संपादकीय

# नसीहतें, निष्पक्षता व जांच एजेंसियां

इस समय देश में सरकारी जांच एजेंसियों के कार्यकलाप और कई मामलों में तेजी से कार्रवाई को लेकर कई तरह की बहस व सवाल खडे होते रहे हैं। बीते कुछ साल में आयकर,ईडी आदि संस्थाओं की तत्परता को सियासी वजह भी माना जाने लगा है। ऐसे में दिल्ली एक्साइज पॉलिसी से जुड़े मामले में भारत राष्ट्र समिति की नेता और एमएलसी के. कविता को जमानत देने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला जांच एजेंसियों के लिए एक जोरदार झटके की तरह है। इस हाईप्रोफाइल मामले में कई विपक्षी नेता गिरफ्तार हुए हैं। हालांकि कोर्ट से जमानत मिलना आरोपी के बेकसूर होने का सबूत नहीं माना जाता, लेकिन इस मामले में कई ऐसी बातें हैं जो जांच एजेंसी के रुख पर सवाल खड़े करती हैं। पहली नजर में कविता को जमानत देने का यह फैसला दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत जैसा इसलिए भी लगता है क्योंकि दोनों मामलों में आधार एक ही है। ताजा मामले में कोर्ट ने पाया कि सीबीआई और ईडी की जांच पूरी हो चुकी है। 493 गवाह और 50 हजार दस्तावेज से जाहिर है कि इस मामले में ट्रायल जल्द नहीं पूरा होने वाला। ऐसे में अंडर ट्रायल कस्टडी को सजा में बदलने देना सुप्रीम कोर्ट ने सही नहीं माना। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा जमानत की अर्जी ठुकराए जाने के फैसले को न सिर्फ पलटा, बल्कि उसके नजरिए की आलोचना भी की। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि जब प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्डरिंग एक्ट के तहत महिला, नाबालिग और बीमार के लिए जमानत की विशेष व्यवस्था की गई है तो फिर हाईकोर्ट का इस आधार पर जमानत देने से इनकार करना गलत है कि कविता शिक्षित महिला हैं। इस तरह से इस कानून में महिलाओं की एक उपश्रेणी बनाने की जानी अनजानी कोशिश उपयुक्त नहीं मानी गई। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का सबसे अहम पहलू है जांच एजेंसियों के रुख की पड़ताल करते हुए उनकी निष्पक्षता की जरूरत को रेखांकित करना। कोर्ट ने हालांकि अपने फैसले में केस के मेरिट पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन जांच एजेंसियों से यह पूछा कि वे मनमाने ढंग से किसी को आरोपी बनाने और किसी को गवाह बना देने का फैसला कैसे कर सकती हैं। कोर्ट ने साफ कहा कि अभियोजन पक्ष को निष्पक्ष होना चाहिए। पीएमएलए देश के कुछ बेहद सख्त कानूनों में है। इसके उपयोग में खास सावधानी की जरूरत है। इस कानून के तहत दर्ज मामलों में अगर जांच एजेंसियों का रवैया सवालों के घेरे में आता है तो यह गंभीर बात है। इससे न केवल इन एजेंसियों की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है बल्कि एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों को भी बल मिलता है। सुप्रीम कोर्ट की इन कड़ी टिप्पणियों से सबक लेते हुए सरकार आवश्यक कदम उठाने में विलंब नहीं करना चाहिये। देश में कई बार ऐसे मामले सामने आये हैं जब सियासी तौर पर सक्रिय लोगों को जांच एजे?सियों के इस सख्त रूख व तत्परता का सामना करना पडा है। हालांकि कानूनन किसी को भी कोई छूट नही दी जा सकती और दोषी को दंड भी मिलना चाहिये लेकिन इसे संयोग कहा जाए या कुछ और, कि अधिकांश मामलों में विपक्षी दलों के नेता उलझे है। जांच एजेंसियों को इस मामले में ऐसी किसी स्थिति से बचने की कोशिश करना चाहिये,जिससे उस पर अंगुली उठें।

सभ्यता का युग तब आएगा जब औरत की मर्ज़ी के बिना कोई औरत के जिस्म को हाथ नहीं लगाएगा।

– अमृता प्रीतम

## आज का इतिहास

- 1511: पीसा परिषद खुला।
- 1574: गुरु राम दास ने गुरता गद्दी संभाली।
- 1581: गुरु अर्जुन देव ने गुरता गद्दी संभाली।
- 1807: अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति आरोन बर्र राजद्रोह के मामले में निर्दोष साबित हुए।
- 1878: एम्मा एम नट्ट अमेरिका में पहली महिला टेलीफोन ऑपरेटर बनीं।
- 1923: जापान के टोक्यो और योकोहामा में ग्रेट कैंटो भूकंप से लगभग 1,42,807 लोगों की मौत।
- 1939: जर्मनी का पौलेंड पर आक्रमण करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध शुरू।
- 1947: भारतीय मानक समय को अपनाया गया।
- 1956: भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की स्थापना।
- 1956: राज्यों के पुनर्गठन के बाद त्रिपुरा केंद्र शासित प्रदेश बना।
- 1962: महाराष्ट्र के कोल्हापुर में शिवाजी विश्वविद्यालय की स्थापना।
- 1964: इंडियन ऑयल रिफ़ाइनरी और इंडियन ऑयल कम्पनी को विलय करके इंडियन ऑयल कॉपरेशन बनाया गया।
- 1972: मिस्र और लीबिया ने फेडरेशन बनाया।
- 1994: उत्तरी आयरलैंड में आयरिन रिपब्लिकन आर्मी ने युद्ध विराम लागू किया।
- 1997: साहित्यकार महाश्वेता देवी तथा पर्यावदणविद एम.सी. मेहता को 1997 का रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्रदान किया गया।
- 1998: विक्टर चेर्नोमीर्दिन पुनः रूस के नये प्रधानमंत्री नियुक्त हुए।
- 2000: चीन ने तिब्बत होते हुए नेपाल जाने वाले अपने एकमात्र रास्ते को बंद किया।
- 2004: पाकिस्तान के मानवाधिकार विशेषज्ञ मेहर ख़ान विलियम्स को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग ने उप उच्चायुक्त नियुक्त किया।
- 2005: सद्दाम हुसैन ने सशर्त रिहाई की अमेरिकी पेशकश ठुकराई।

## निशाना

### आंकना ना कम!



- कृष्णेन्द्र राय

होने लगे दावे।
बहने लगी बयार।।
जीतेगा गठबंधन।
तय मिलना है प्यार।।
आंकना ना कम।
ला रहे सुधार।।
सजग हो कर उनसे।
रहना खबरदार।।
है कोशिश भरपूर।
एड़ी चोटी ज़ोर।।
देख कर ये दुर्दशा।
हुए भावविभोर।।
देकर एक मौका।
लें हमको संभाल।।
वरना होंगे सारे।
और भी बेहाल।।

## मिस इंडिया विवाद

# सियासी शतरंज पर एक और चाल, भविष्य में असुरक्षित महसूस कर सकते हैं कांग्रेस सहयोगी

■ नीरजा चौधरी

*राहुल गांधी अपने शब्दों से लोगों का ध्यान खींचते हैं। वह जो कुछ भी बोलते हैं, वह खबर बन जाती है। आप पाएंगे कि कई राजनेता निजी तौर पर कभी-कभी यह स्वीकार करते हैं कि वह विवादों के कारण आगे बढ़े हैं, क्योंकि विवाद उन्हें खबरों में बनाए रखता है!हाल ही में प्रयागराज में संविधान सम्मेलन में दिए गए राहुल के एक बयान पर विवाद छिड़ गया, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्होंने मिस इंडिया की सूची खंगाली, ताकि पता चल सके कि उसमें दलित, आदिवासी या ओबीसी महिलाएं हैं या नहीं। उस सूची में एक भी नहीं थी। उनके बयान का यह मतलब निकाला गया कि वह मिस इंडिया के प्रतिभागियों में भी आरक्षण के पक्ष में थे। इस पर छिड़ी बहस में जब महिलाएं और राजनीतिक दल शामिल हुए, तो उनमें से कुछ ने मिस इंडिया प्रतियोगिता में आरक्षण को जरूरी बताया, तो कुछ ने इसका विरोध किया। लेकिन इस बहस फिर से राहुल को दलित और ओबीसी राजनीति के केंद्र में ला दिया, जिसकी अब वह अगुआई करना चाहते हैं।*



बहुत कम लोग इस पर सवाल उठाएंगे कि सभी जातियों और समुदायों की महिलाओं को मिस इंडिया जैसी प्रतियोगिता में भाग लेने का अधिकार है, और यह भी कि इसमें सभी महिलाओं के लिए समान अवसर होना चाहिए। फिर यह सवाल उठता है कि समाज में आरक्षण का दायरा कितना है? इस समय सरकारी नौकरियों एवं उच्च शिक्षा संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण है और विधायिकाओं में एससी एवं एसटी के लिए आरक्षण है। समय-समय पर मांग उठती रहती है कि आरक्षण को निजी क्षेत्रों में भी लागू किया जाए। परोक्ष रूप से मिस इंडिया प्रतियोगिता में आरक्षण की वकालत करके राहुल यह संकेत भी दे रहे हैं कि इसे निजी क्षेत्र में लागू किया जाना चाहिए।

दलित-वंचित लोगों को आगे बढ़ने का अवसर देने के लिए संविधान ने सामाजिक रूप से (जातिगत भेदभाव के कारण) एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों (आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के लिए नहीं) के लिए आरक्षण का प्रावधान किया है। लेकिन क्या किसी को जाति के आधार पर पूरे समाज की संरचना करने का मामला बनाना चाहिए, जिससे समूहों को उनकी आबादी के अनुपात में लाभ मिले? ऐतिहासिक गलतियों को सुधारने के लिए सुधार के उपाय किए जाने चाहिए, लेकिन संघर्ष के कारण समाज में दरार न पड़े, इसके लिए संतुलन और बीच का रास्ता भी होना चाहिए। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण के लिए 50 फीसदी की सीमा तय की थी, हालांकि कई राज्यों ने इससे ज्यादा आरक्षण का प्रावधान कर दिया।

सबसे पहले, जब हम महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं, राहुल गांधी, नरेंद्र मोदी और अन्य नेता भी महिलाओं और अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों की आकांक्षाओं को महसूस कर रहे हैं, तो पहले राजनीतिक दलों को अपनी ईमानदारी साबित करने दीजिए। उन्हें अपने राजनीतिक संगठन में 50 फीसदी महिलाओं को लाने दीजिए। वे उन्हें पर्याप्त टिकट दें, ताकि 50 फीसदी महिलाएं (और उनमें से ज्यादा एससी, एसटी और ओबीसी) लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभाओं में चुनकर आ सकें और सरकार में महिलाओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके। यह सब राजनेताओं के ही हाथ में है, जो उनके बारे में इतनी बातें कर रहे हैं।

दूसरा, दलित, आदिवासी और ओबीसी महिलाएं पैसे और संपर्कों की कमी के कारण मिस इंडिया प्रतियोगिता में नहीं पहुंच पाई हैं। इसका जाति से ज्यादा वर्ग से संबंध है। भारत में आयोजित होने वाली सौंदर्य प्रतियोगिताओं की प्रवृत्ति जितना सौंदर्य के बारे में पश्चिमी विचारों को उजागर करने की है, उतना भारतीय विचारों की नहीं। हालांकि राहुल इस ओर ध्यान नहीं देते हैं, क्योंकि वह जीवन के हर क्षेत्र में एससी-एसटी-ओबीसी की मौजूदगी की कमी पर ध्यान केंद्रित करते हैं। राहुल गांधी ने-और यह भाजपा एवं अन्य पार्टियों के लिए भी सच है-सामाजिक रूप से दबे-कुचले लोगों को ऊपर उठाने के लिए आरक्षण की वकालत सही ढंग से की है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि ये पार्टियां एससी, एसटी के अधिक जरूरतमंद लोगों तक आरक्षण का लाभ पहुंचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा सुझाए गए उप-वर्गीकरण को स्वीकार करने में अनिच्छुक हैं। प्रमुख जातियां आरक्षण का लाभ अपने कम भाग्यशाली भाइयों से साझा नहीं करना चाहती हैं और राजनीतिक दल अनुसूचित जातियों के प्रमुख समूहों (जैसे जाटव) के वोट खोना नहीं चाहते हैं। साफ है कि राहुल गांधी ने मंडल-2 कार्ड खेलने का फैसला किया है, और जाति जनगणना की मांग उसी राजनीति का हिस्सा है। उन्हें उम्मीद है कि वह इन उभरते समूहों के बीच पनप रही आकांक्षा क्रांति के अगले चरण का लाभ उठाएंगे और उनकी आवाज बनेंगे।

1990 में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू करके भारतीय राजनीति को हमेशा के लिए बदल दिया। राजीव गांधी ने उस फैसले का विरोध किया था, क्योंकि उन्हें डर था कि इससे %जाति युद्ध% छिड़ सकता है। लेकिन राहुल दूसरे रास्ते पर चल रहे हैं। हालिया लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का जाति कार्ड काम कर गया। इससे भाजपा हैरान रह गई। पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने कभी बनिया-ब्राह्मणों की पार्टी कही जाने वाली भाजपा में ओबीसी, खास तौर पर अत्यंत पिछड़ी जातियों (ईबीसी), आदिवासी और दलितों के एक वर्ग को शामिल किया। लेकिन आरक्षण खत्म होने के भय से दलितों का एक वर्ग इंडिया गठबंधन के खेमे में चला गया और वैसा ही उत्तर प्रदेश में ईबीसी ने किया। इसने भाजपा को स्पष्ट बहुमत से वंचित कर दिया, जिसके चलते पार्टी को फैसले लेने में परेशानी हो रही है और उसे अपने कई फैसले वापस लेने पड़े हैं।

लगता है कि पार्टी को 2024 के अप्रत्याशित नतीजों ने बेचैन कर दिया है। मोदी-3 के सामने चुनौती अपनी ताकत कम होने की नहीं है; बल्कि नई परिस्थितियों के अनुसार कामकाज का परामर्शी तरीका अपनाना है। साथ ही, ओबीसी-दलितों को वापस अपने पाले में लाना है, जो दूसरी तरफ चले गए हैं। मिस इंडिया विवाद सियासी शतरंज पर राहुल गांधी की एक और चाल है, ताकि दलित, आदिवासी और ओबीसी को अपनी पार्टी के पक्ष में लामबंद किया जाए। यह किस हद तक काम करेगा, यह देखने वाली बात होगी। उत्तर भारत में ओबीसी कांग्रेस का पारंपरिक मतदाता नहीं रहा है। यह सपा और राजद का वोटबैंक रहा है, जो आज कांग्रेस के सहयोगी हैं, जिन्हें आने वाले समय में इस राजनीति से खतरा महसूस हो सकता है।

- साभार

# पेंशन, चिंताएं और बीच का रास्ता... बीते तीन दशकों में सरकारों पर बढ़ीं देनदारियां, अब UPS आशा की किरण

**करीब दो वर्ष पहले प्रख्यात अर्थशास्त्री और नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने कुछ पार्टियों द्वारा चुनावी घोषणा पत्र में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की ओर बहाली के वादे को 'नैतिक रूप से गलत' और 'पाप' बताते हुए कहा था कि इससे केंद्र और राज्यों की अगली सरकारों पर देनदारी का दबाव बढ़ेगा।पनगढ़िया के इस दृढ़ दृष्टिकोण को पूर्व केंद्रीय वित्त सचिव और पूर्व सीएजी राजीव महर्षि ने भी राजस्थान की पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा 2022 में ओपीएस की ओर लौटने का फैसला करने पर कहा था कि यह वित्तीय रूप से आत्मघाती कदम होगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी ओपीएस चुनने वाले राज्यों को चेतावनी दी थी कि यह भविष्य में अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर देगा।**

■ केएस तोमर

इसी पृष्ठभूमि में हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों के मद्देनजर केंद्र की मोदी सरकार अपने 23 लाख कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के स्थान पर एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) लेकर आई है। राज्यों के कर्मचारियों के असंतोष को दूर करने के लिए भाजपा शासित राज्य इसे तत्काल या निकट भविष्य में अपना सकते हैं। 2003 में वाजपेयी सरकार ने ओपीएस की जगह एनपीएस लागू की थी, जिसे तत्कालीन भाजपा सरकारों ने लागू किया था, लेकिन कांग्रेस शासित राज्यों के कर्मचारियों ने इसका विरोध किया था।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीएस को लेकर कहा कि यह सरकारी कर्मचारियों के सम्मान और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करती है। यूपीएस कर्मचारियों के भविष्य को सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इसे मोदी सरकार का यूटर्न बताया। कांग्रेस प्रवक्ता ने भी कहा कि यह काम बहुत पहले हो जाना चाहिए था, अब दबाव में हो रहा है। साथ ही मूल वेतन के 50 फीसदी के बजाय 100 फीसदी पेंशन देनी चाहिए। इस संबंध में केंद्रीय कर्मचारियों के नेताओं ने कहा कि अब इस मुद्दे का राजनीतिकरण न कर राज्यों को भी यूपीएस लागू करनी चाहिए। हालांकि उन्होंने कहा कि ओपीएस का विकल्प अच्छा है, लेकिन हमें व्यावहारिक होना चाहिए।




यूपीएस एक अप्रैल, 2025 से लागू होगी और इसे लागू करने वाला एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) शासित महाराष्ट्र पहला राज्य बन गया है। एनडीए के शीर्ष पदाधिकारियों के अनुसार, ओपीएस और एनपीएस का मिश्रित स्वरूप है यूपीएस, जो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आधुनिक दृष्टिकोण के साथ वित्तीय जिम्मेदारी और सुरक्षा, दोनों प्रदान करती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2020 से मार्च 2023 तक तीन वर्षों में 28 राज्यों की बकाया पेंशन देनदारियां 43 फीसदी से अधिक बढ़ गईं, जो चिंताजनक है, क्योंकि इससे भविष्य में आर्थिक संकट हो सकता है। राजनीतिक पंडित कहते हैं कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ओपीएस लागू करने के बावजूद कांग्रेस सत्ता में वापसी नहीं कर पाई। हालांकि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सराकर ने ओपीएस लागू की है, लेकिन इससे राज्य में वित्तीय संकट पैदा हो गया है और वह केंद्र से आर्थिक सहायता मांग रहा है। ऐसा ही राजस्थान की तत्कालीन गहलोत सरकार ने किया था और केंद्र सरकार से 37,000 करोड़ रुपये मांगे थे, जिसे केंद्र ने ठुकरा दिया था। यूपीए सरकार में योजना आयोग के उपाध्यक्ष रहे मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने भी राज्यों द्वारा ओपीएस लागू करने को बेतुका बताया था।

विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले तीन दशकों में केंद्र और राज्य सरकारों पर पेंशन की देनदारियां बढ़ी हैं। केंद्र सरकार का अनुमानित पेंशन बिल 2024-25 के लिए लगभग 2.53 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। राज्य सरकारों के लिए संयुक्त अनुमानित पेंशन बिल 2024-25 में लगभग 5.73 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। यह राज्यों के बजट के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल, जैसे कुछ राज्यों पर विशेष रूप से बड़ी पेंशन देनदारियां हैं। यूपीएस कर्मचारी और सरकार, दोनों के संयुक्त पेंशन फंड में योगदान का मॉडल है। ओपीएस के विपरीत यूपीएस एक वित्त पोषित योजना है। पेंशन का बढ़ता बोझ चिंता का कारण है, क्योंकि इससे विकास और कल्याण के काम सीमित हो जाते हैं। कैग ने भी राज्यों और केंद्र सरकार को पेंशन सुधारों पर विचार करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला था, जैसे कि इन बढ़ती लागतों को प्रबंधित करने के लिए परिभाषित लाभ से परिभाषित योगदान योजनाओं में बदलाव, जो यूपीएस में परिलक्षित होता है।

-साभार

# भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों का सर्वेक्षण कर उन्हें जोड़ा जाएगा मुख्य धारा से



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

मध्य प्रदेश शासन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के दिशा निर्देश अनुसार प्रदेश में भीख मांगने वाले व्यक्तियों अथवा भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने हेतु सर्वेक्षण/ पहचान, मोबिलाइजेशन, पुनर्वास और आजीविका तथा भिक्षा मांगने के लिए व्यक्तियों को नियोजित करने या उनसे भिक्षा मंगवाने के प्रयोजन हेतु उपयोग करने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई करते हुए 'भिक्षावृत्ति मुक्त मध्य प्रदेश' किया जाना है।

उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर नर्मदापुरम द्वारा गत दिवस समय सीमा बैठक में उक्त संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया था। तत्सबंध में के भिक्षावृत्ति वाले स्थान का चिन्हांकन तथा भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों का सर्वेक्षण प्रारंभ किया गया। इस कार्यवाही में नर्मदापुरम शहर में सेठानी घाट पर 12 पुरुष एवं 18 महिला कुल 30 व्यक्ति भिक्षा मांगने हेतु बैठे पाए गए। सभी भिक्षुकों के विषय में जानकारी ली गई जिसमें पाया गया कि अधिकांश भिक्षुक अन्य जिलों के हैं जो की नर्मदा परिक्रमा हेतु तथा कुछ अमावस्या स्नान करने आए हुए हैं। जिनका कहना था कि कुछ समय बाद वह अपने-अपने घर वापस चले जाएंगे।

मौके पर उपस्थित सिटी मजिस्ट्रेट असवन राम चिरामन, उपसंचालक सामाजिक न्याय डॉ.बबीता राठौर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया, तहसीलदार देव शंकर धुर्वे एवं श्रम निरीक्षक सरिता साहू द्वारा सभी भिक्षावृति में लिप्त व्यक्तियों को समझाइश दी गई की वह अपने गृह जिले वापस जाएं तथा भिक्षा मांगने का कृत्य ना करें। उनके लिए शासन द्वारा सर्व सुविधायुक्त युक्त वृद्ध आश्रमों का संचालन किया जा रहा है, जहां वे आराम से रह सकते हैं।

उक्त कार्रवाई के दौरान एक महत्वपूर्ण कार्य किया गया कि महेश साहू निवासी मटकुली जो की सेठानी घाट पर भिक्षा मांगने हेतु बैठे थे उनकी आजीविका की व्यवस्था करते हुए नर्मदापुरम निवासी कैलाश साहू द्वारा श महेश को औद्योगिक क्षेत्र में यथोचित कार्य पर रखा गया जो कि प्रशासन की भिक्षावृत्ति उन्मूलन के क्षेत्र में अभूतपूर्व पहल है।

# नर्मदापुरम के प्रसिद्ध सेठानी घाट से हटाया गया अतिक्रमण



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार शुक्रवार को नर्मदापुरम शहर के प्रसिद्ध सेठानी घाट पर सिटी मजिस्ट्रेड असवन राम चिनवान एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती हेमेश्वरी पटले के साथ नगर पालिका का अतिक्रमण दल के साथ सेठानी से अतिक्रमण हटाया गया। नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर विगत कई दिनों से सेठानी घाट पर दुकानोंदारों द्वारा अतिक्रमण किया गया था जिसके कारण त्यौहार एवं बडें आयोजनों पर दूर-दूर से श्रद्धालू पूजन अर्चन करने के लिए पहुंचतें है जिन्हें दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण से कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पडता था। इसी मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिये थे जिसके कारण आज सिटी मजिस्ट्रेट एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने अतिक्रमण दल के साथ पहुंचे एवं सेठानी घाट पर दुकानदारों द्वारा जो अतिक्रमण किया गया था उसे हटवाया गया साथ ही दुकानदारों जों अतिक्रमण में शामिल समान को जप्त किया गया। साथ ही उन्हें यह भी चेतावनी दी गई अगर किसी भी दुकानदार द्वारा पुन~ अतिक्रमण किया गया तो उनके खिलाफ दण्डात्माक कार्यवाही की जावेगी।

इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेड असवन राम चिरामन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती हेमेश्वरी पटले, तहसीलदार देवशंकर धुर्वे सहित नगर पालिका का अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

## शोभापुर में साफ-सफाई से लोगों में प्रसन्नता



नर्मदापुरम। विकासखंड सोहागपुर के ग्राम शोभापुर में पंचायत भवन के पीछे, पुलिस चौकी के पास नाडेप बना हुआ था जहां लोग कचरा डालते थे वहां बहुत अधिक गंदगी थी। रोड में गड्ढे थे जहां पानी एकत्र हो रहा था और लोगों ने ऐसे में रोगों के फैलने की आशंका जताई थी। कलेक्टर सोनिया मीना को व्हाट्सएप पर शिकायत प्राप्त हुई थी। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत संजय अग्रवाल द्वारा अपने अमले के माध्यम से तत्काल जेसीबी लगाकर उसकी सफाई कराई गई है। रोड के गड्ढे रेत से भरवा दिए ताकि पानी न रुके। आसपास के लोगों को इससे राहत मिली है और लोगों में साफ सफाई होने से प्रसन्नता है।

## सेठानी घाट के दुकानदारों को नालियों की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए

नर्मदापुरम। बरसात के मौसम में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया से बचाव के लिए गंदे पानी की उचित निकासी के लिए कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार शुक्रवार को नर्मदापुरम शहर के प्रसिद्ध सेठानी घाट पर डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर एवं जिला मलेरिया अधिकारी ने अपनी टीम के साथ सेठानी घाट में दुकानदारों की दुकान की नालियों में ठहरे हुए नाली के पानी को साफ करने एवं बाल्टी बर्तनों भरे हुए पानी खाली करने के निर्देश दुकानदारों को दिए। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया ठहरे हुए पानी में लार्वा पनपता है।

# नर्मदापुरम के मालाखेड़ी रेशम परिसर में मिले रोजगार से आत्मनिर्भर बनी महिलाएं

## रेशम उत्पादन से प्राप्त हो रहा सतत रोजगार...




नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

प्रदेश में नर्मदापुरम संभाग के नर्मदा पुरम एवं बैतूल जिले रेशम उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी जिले हैं। नर्मदापुरम जिले के मालाखेड़ी रेशम परिसर में प्रदेश का रेशम वस्त्रों का सबसे बड़ा शोरूम प्राकृत संचालित किया जाता है। जिसमें नवीन वस्?त्रों की श्रृंखला में नवीन बाघ प्रिंट, कलमकारी प्रिंट पचेड़ी प्रिंट, बनारसी तथा जामदानी के शुद्ध रेशमी वस्त्र विक्रय एवं प्रदर्शन के लिए उपलब्ध हैं। साथ ही उक्त परिसर में ही मलबरी रेशम धागाकरण, टसर धागाकरण, मूंगा रेशम धागाकरण व रेशम वस्त्र बुनाई का कार्य भी किया जाता है। रेशम परिसर मालाखेड़ी में रेशम उत्पादन प्रक्रिया से जोड़कर लगभग 80 महिलाओं को रोजगार भी दिया जा रहा है।

जिला रेशम अधिकारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि जिले में रेशम उत्पादन का कार्य सोहागपुर, गूजरवाडा, सुखतवा बनखेड़ी, डोकरीखेड़ा, पनारी, पिपरिया व राजलढाना में मुख्य रूप से किया जाता है। उल्लेखनीय है कि जिले में मलबरी के 180295 पौधों का रोपण भी किया गया है एवं आगामी फसल में टसर काकून की भी बंपर पैदावार होने की संभावनाएं हैं।

संभाग के बैतूल जिले में भी इस वित्तीय वर्ष में निजी तथा शासकीय क्षेत्र में कुल 100 एकड़ प्रक्षेत्र में चार लाख से अधिक पौधे का रोपण किया गया है। बैतूल जिले में सतपुड़ा वूमेन सिल्क प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा रेशम उत्पादन का कार्य पाढर में संचालित किया जा रहा है। लगभग 300 कृषकों द्वारा यहां मलबरी रेशम ककून उत्पादन तथा धागाकरण का कार्य किया जाता है। क्षेत्र में इस बार भी 100 परिवारों को रेशम गतिविधि से जोड़ा गया है। रेशम से जुड़कर इन परिवारों ने रोजगार प्राप्त किया है एवं आत्मनिर्भर हुए हैं। कई दिदियां लखपति दीदी भी बनी।

# केन्द्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत ने विश्व धरोहर साँची स्तूप का किया भ्रमण



रायसेन, दोपहर मेट्रो।

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत शुक्रवार को एक दिवसीय भ्रमण पर रायसेन जिले में सांची स्थित विश्व धरोहर बौद्ध स्तूप पहुंचे। केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत का भारतीय संस्कृति के अनुरूप तिलक लगाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत ने बौद्ध स्तूपों सहित अन्य धरोहरों को देखा तथा उनकी सुंदरता, बनावट शैली देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। बौद्ध स्तूपों के साथ ही यहां के नैसर्गिक सौंदर्य ने भी उन्हें अपनी ओर आकर्षित किया। इस दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधिकारियों द्वारा भगवान बौद्ध की शिक्षाओं और सम्राट अशोक के संदेशों से अवगत करवाया। उन्हे सांची स्तूपों की बनावट शैली, उनके ऐतिहासिक तथा पुरातात्विक महत्व के बारे में अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत ने कहा की पर्यटन स्थलों के विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार लगातार काम कर रही है। पर्यटन स्थलों को टूरिस्ट सर्किट से जोड़ा जा रहा है। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही रोजगार के नवीन अवसर भी सृजित हो रहे हैं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अरविंद दुबे, पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पाण्डे, क्षेत्रीय निदेशक श्री भुवन विक्रम, अधीक्षण पुरातत्वविद श्री मनोज कुर्मी, सहायक पुरातत्वविद श्री एमसी जोशी तथा साँची स्तूप प्रभारी श्री संदीप मेहतो सहित अनय अधिकारी उपस्थित रहे।

मेट्रो एंकर

## हिरनखेड़ा स्कूल में हुआ बालसभा का आयोजन

# आने वाली पीढ़ियां के लिए बेहतर भविष्य को आकार दें



सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।

पंचायत राज संचालनालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत हिरनखेड़ा में बाल सभा का आयोजन किया गया। बाल सभा में 10 वर्ष से 18 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहीं । बाल सभा के आयोजन का उद्देश्य बच्चों में पोषण-स्वास्थ्य-खेलकूद के विषयों पर सहभागी ढंग से चर्चा करते हुए इन विषयों पर जागरूकता एवं समझ विकसित करना है। बालसभा को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत हिरनखेड़ा की सरपंच सुश्री अमृता लिटोरिया ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक विकास हेतु खेलकूद की संस्कृति पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन बाल सभाओं के माध्यम से 'कोई भी बच्चा पीछे ना छूटे' की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता के अनुरूप स्थानीय स्तर पर बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है। मेरा सभी बच्चों से आग्रह है कि वह अपने अंदर की प्रतिभा को पहचाने और आगे बढ़े। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव हितेश मनवारे द्वारा बाल सभा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया ।उन्होंने बताया कि प्रदेश में एक वर्ष में चार बाल सभाओं का आयोजन किया जाना है। जिसमें राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विशेष बाल सभा का आयोजन किया जा रहा है।

इन बाल सभाओं में प्रमुख विषय के रूप में 'शिक्षा का अधिकार' और 'खेल का अधिकार' और शीर्षक 'पढ़ोगे-खेलोगे बनोगे लाजवाब' दिया गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के स्थानीयकरण हेतु थीम-3 'बाल हितेषी पंचायत' एवं थीम- 9 'महिला हितेषी पंचायत' के अंतर्गत इन बाल सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। सहायक सचिव अंकित गौर द्वारा इस महत्वपूर्ण बाल सभा में किशोर युवाओं की भागीदारी और ग्राम विकास योजना में अपने मुद्दों को शामिल करने विषय पर बात रखी गई। उन्होंने बताया कि युवाओं की इस पीढ़ी को प्रशिक्षित व जागरूक करने की आवश्यकता है। तभी हम आने वाली पीढ़ियां के लिए बेहतर भविष्य को आकार दे पाएंगे। समाजसेवी आशुतोष लिटोरिया द्वारा बाल सभा में प्रेरक गीत ÷जीवन में कुछ करना है, तो मन को मारें मत बैठो ÷ सुनाया गया ।उन्होंने बच्चों से कहा कि जीवन में कितनी भी विषम परिस्थितियों आ जाएं। हमें अपने आत्मविश्वास को नहीं डगमगाने देना है ।हमें अपनी प्रतिभा और शक्ति को पहचानते हुए कुछ ना कुछ रचनात्मक नवाचार अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि हम समाज को क्या कुछ अच्छा दे सकते हैं इस बात पर विचार करने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने विभिन्न प्रेरणास्पद प्रसंगों और कहानियों के माध्यम से विस्तार से बच्चों से संवाद किया। बाल सभा में संकुल प्राचार्य राकेश साहू ने बच्चों से खेलकूद प्रतियोगिताओं में अग्रणी रूप से भाग लेने का आह्वान किया। शिक्षक विनोद छिरोले द्वारा जिले की महान खेल प्रतिभा ओलंपिक कांस्य पदक विजेता विवेक सागर का उल्लेख कर बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर शिक्षिका संध्या वर्मा, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में किशोर बालक-बालिका उपस्थित रहें।

# डॉ. चौबे हुए सेवा निवृत,डॉ अमिता जोशी बनी नर्मदा कॉलेज की प्राचार्य

## कई उपलब्धियां से भरा है डॉ. जोशी का व्यक्तित्व ..



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अमिता जोशी (राजनीति शास्त्र) को शासन द्वारा प्रभारी प्राचार्य बनाए जाने के आदेश पूर्व में ही जारी कर दिए गए थे किंतु उन्होंने औपचारिक रूप से शुक्रवार को प्रभार संभाला है।उल्लेखनीय है डॉ जोशी नर्मदा कॉलेज में पिछले कई वर्षो से पदस्थ हैं. प्रचार्य का कार्यभार संभालने के दौरान उन्होंने कहा कि उनकी वरीयता विद्यार्थियों का हित है। प्राचार्य जैसे गरिमामय पद की जिम्मेदारी संभालने के लिए महाविद्यालय के सभी लोगों का सहयोग अपेक्षित है। उनके पति वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ बी सी जोशी ने भी लगभग ब्यालीस साल तक उच्च शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दी हैं।जिनकी सेवानिवृत्ति पिछले वर्ष नर्मदा कालेज से हुई है। डॉ जोशी को कालेज स्टाफ ,प्राध्यापकों ,मित्रजनों और शहर के नागरिकों द्वारा बधाई दी जा रही है।

डॉ जोशी की अकादमिक पृष्ठभूमि के अनुसार वह एम ए राजनीति शास्त्र शासकीय महाविद्यालय टीकमगढ़ से उनकी नियमित नियुक्ति 1987 में हुई.प्राध्यापक पद पर नियुक्ति 10/12/2006 में पी एच डी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल से हुई। उनके रिसर्च पेपर लेखन 30,पुस्तक लेखन 01, रिसर्च प्रोजेक्ट 01 है।

व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ में संभागीय समन्वयक,युवा उत्सव जिला समन्वय, बी यू भोपाल के अध्ययन मंडल में सदस्य, एवं केन्द्रीय अध्ययन मंडल में सदस्य छात्र संघ प्रभारी हैं।

## लटेरी जाते हुए सागर सांसद डॉक्टर लता वानखेड़े का किया स्वागत



**सिरोंज।** सागर से लटेरी जाते हुए सिरोंज पोलिटेक्निक कोलेज के पास सागर लोकसभा सांसद डॉक्टर लता वानखेडे का स्वागत कई भाजपा कार्यकर्ताओ ने किया सांसद लता वानखेड़े लटेरी के कई कार्यक्रम में भाग लेंगी और लटेरी के भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं से मुलाकात करेंगी। लटेरी मे कुछ कार्यकर्ताओं के घर पर भी जाएंगी इसी वजह से सांसद लता वानखेड़े आज लटेरी जाते हुए सिरोंज से निकली है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में दीपक खोडगे, पत्रकार नईम गोरी, सरपंच संघ अध्यक्ष विक्रम सिंह, नरेन्द्र पाटीदार, भाजपा नेत्री रानी साहू, राकेश शर्मा आदि कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद लता वानखेड़े का स्वागत किया।

## बरबट के सहरिया आदिवासियों के बीच पहुंचे एसडीएम



**सिरोंज।** शुक्रवार को एसडीएम हर्षल चौधरी सहरिया आदिवासी के ग्राम बरबट पुर पहुंचे उन्होंने ई केवाईसी के साथ यहां पर प्रधानमंत्री जनधन योजना से लेकर आदिवासियों के परिवारों के सभी जरूरी दस्तावेज जल्दी ही बनकर उपलब्ध कराने पर निर्देश देते हुए अमले से कहा कि इन परिवारों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए इसके लिए सभी काम तत्काल करें क्योंकि कई पत्र है आज भी ऐसे परिवार हैं जिनको प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है कई के दस्तावेज नहीं बने हैं जिसको लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## शहर में चोरियों को लेकर कांग्रेस ने एसडीओपी को दिया ज्ञापन, कार्रवाई की मांग



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

गुरुवार को चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों को पकड़ने की मांग को लेकर कांग्रेस नेता रजत गौण के साथ लोगों ने एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी को ज्ञापन देते हुए कहा कि आए दिन नगर में चोरियों की घटनाओं का अंजाम देने का काम चोर कर रहे हैं लेकिन पुलिस इनको को नहीं पकड़ पा रही है इस वजह से सभी लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। मोटरसाइकिल चोरी रोकने का नाम नहीं ले रही है अन्य चोरियां भी हो रही है इन सभी पर जल्दी ही रोकथाम लगाने की मांग करते हुए कहा कि मोटरसाइकिल चोरी होने की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। क्योंकि अधिकांश मोटरसाइकिल चोरी होने के बाद पुलिस तत्काल कार्रवाई नहीं करती कई बार तो केवल आवेदन लेकर चला कर दिया जाता है। सूचना के बाद गंभीरता से कार्रवाई नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद हो रहा है। वहीं मोटरसाइकिलें शासकीय कार्यालय से लेकर बैंकों के बाहर और कॉलोनी में से भी चोरी हो रही है। दुकानों के शटर तोड़कर समान अनाज पैसे चोरी कर रहे हैं। दो दिन पहले शटर तोड़कर सोयाबीन की चोरी की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पुलिस को वीडियो और फोटो उपलब्ध करा दिए गए पर उस घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को भी पुलिस नहीं पकड़ पाई है इस मामले में हमारी सूचना पर तत्काल कार्रवाई की गई होती तो शायद अभी तक चोर पुलिस की हिरासत में होते। चोरी घटनाओं का उल्लेख करते हुए शीघ्र ही कार्रवाई की मांग की गई जिस पर एसडीपी ने कहा कि हम जल्दी ही इस घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को पकड़ लेंगे मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चोरों को पहले हमने गिरफ्तार भी किया है इस काम में भी हम टीम लगी हुई है।।

मुखबिर तंत्र फेल होने से बन रहे हैं ऐसे हालत - नगर में हो रही चोरियों की घटनाओं की सही जानकारी पुलिस तक नहीं पहुंच पा रही है। क्योंकि पिछले कुछ महीनो से पुलिस का खुफिया तंत्र पूरी तरह से फेल हो गया है इसके द्वारा अपने काम को गंभीरता से नहीं किया जा रहा साथ ही जो पुलिस के लिए मुखबिरी का कार्य करते हैं वहां भी सक्रिय नहीं है क्योंकि पुलिस इनसे लगातार संवाद नहीं हो रहा है।

**इनका कहना है -**

*जो वीडियो फोटो उपलब्ध कराएगा उसके आधार पर इस मामले में भी कार्रवाई करेगी मोटरसाइकिल चोरों को भी हमने गिरफ्तार किया है।*

*उमेश कुमार तिवारी*

### कलेक्टर, एसपी शमशाबाद क्षेत्र में भ्रमण पर पहुंचे

# निर्माणाधीन बालिका छात्रावास का कार्य 30 सितंबर तक पूर्ण करने के दिए निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**





कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने आज शमशाबाद क्षेत्र में भ्रमण के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सबसे पहले शमशाबाद के संजय सागर बांध से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पानी पहुंचाने के कार्य का जायजा लिया। नहरयाई में निर्माण एजेंसी जल निगम के अधिकारी द्वारा ततसंबंध में जानकारियां प्रस्तुत की गई। इसके उपरांत उन्होंने शमशाबाद के मोहनपुरा में तीन करोड़ 44 लाख की लागत से निर्माणाधीन 50 शीटर ओबीसी, बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। एजेंसी को तीस सितंबर तक सभी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने शमशाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर मरीजों को प्रदाय की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की क्रास मॉनिटरिंग की।

कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के दवा स्टोर रूम में पहुंचकर दवा वितरण कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को प्रदाय की जाने वाली दावाओं की बारीकी से जांच पड़ताल कर यह देखा कि कहीं यह दवाएं एक्सपायरी डेट की तो नहीं है। उन्होंने संबंधित अमले को निर्देशित किया है कि एक्सपायरी डेट की दवा वितरण ना हो इसका विशेष ध्यान रखें समय-समय पर इसकी जांच करते रहें एक्सपायरी डेट की दवाओं को यहां ना रखा जाए। इसके साथ ही उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से क्या-क्या इंतजाम किए गए हैं का भी जायजा लिया उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी चालू रखने तथा सिक्योरिटी गार्डो को सचेत रहकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

### ई-केवाईसी कार्यों का जायजा

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जनपद पंचायत नटेरन की ग्राम पंचायत सतपाडा हाट में पहुंचकर आधार कार्ड, ई-केवाईसी सहित अन्य कार्यो के लिए आयोजित शिविर में मौजूद ग्रामीण जनों से संवाद कर आने का कारण व शिविर की सूचना कहां से मिली इत्यादि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामीण जनों से कहा कि वह इन शिविरों के माध्यम से अपने आधार कार्ड और ई केवाईसी समेत अन्य दस्तावेज अपडेट कर लें ताकि उन्हें डिजिटल कार्यों में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त होने में भी उन्हें रुकावट ना हो इसके लिए आधार कार्ड और ईकेवाईसी के कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरान शमशाबाद एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल, जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य विभागो के अधिकारीगण मौजूद रहें।

## चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा मिलावट की पहचान से अवगत हुए




**सिरोंज।** चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा आज मंगलवार को ग्राम सुनपुरा के माध्यमिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को मिलावट की पहचान करने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई तथा मध्यान्ह भोजन के जांच हेतु नमूना एकत्रित किए गए। इसी क्रम में जिला विदिशा के चिन्हित चेक प्वाइंट ढोलखेड़ी चौराहा एवं ईदगाह चौराहा चौकी पर पुलिस प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा खाद्य पदार्थ परिवहन करने वाले वाहनों को रोक कर जांच की गई। दूध, घी, पनीर, एवं मावा में मिलावट रोकने के लिए हाईकोर्ट के द्वारा दो सदस्य निगरानी समिति का गठन किया गया है। इस कमेटी में रिटायर जज संजय चतुर्वेदी एवं रिटायर आईएएस बीएम शर्मा शामिल हैं। विभाग के कर्मचारी हाइवे पर वाहन चेकिंग के प्वाइंट लगाकर दूध वाहनों से सैंपल लेकर उनको जांच के लिए स्टेट लैब भेजेंगे।

## जमकर बरसी काली घटाएं, ग्रामीण क्षेत्रों में हुई अच्छी बारिश



**सिरोंज।** शुक्रवार को मौसम में हुए बदलाव के बाद जहां ग्रामीण क्षेत्रों में जोरदार बारिश होने से किसानों के लिए बारिश वरदान का काम करेगी कई दिनों से बारिश नहीं होने से सोयाबीन की फसल पानी मांग रही थी अधिकांश ग्रामों में 1 घंटे तक तेज बारिश हुई दूसरी और नगर में दोपहर के बाद आसमान पर काली घटाओं में डेरा जमा लिया था जिनका देखते हो ऐसा लग रहा था यहां भी अच्छी बारिश होगी पर शहर में दो घंटे बूंद बंदी चलती रही। इसकी वजह से गर्मी से जरूर काफी राहत मिली नहीं तो सुबह से धूप के कारण लोगों की हालत खराब हो गई थी ।

**मेट्रो एंकर** कलेक्टर, एसपी ने देर रात्रि अस्पताल पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया

# निर्देश: सीसीटीवी 24 घंटे चालू रहें, पुलिस जवान और सिक्योरिटी गार्ड सचेत रहकर कार्य करें

**सिरोंज दोपहर मेट्रो।**



कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने गुरुवार की देर रात्रि श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय जिला चिकित्सालय में पहुंचकर अस्पताल में सुरक्षा के इंतजामों को लेकर क्या-क्या प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं का औचक निरीक्षण किया। उनके द्वारा खासकर पैरामेडिकल स्टाफ, फीमेल स्टाफ की सुविधाओं तथा सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा के इंतजामों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के संबंध में अस्पताल प्रबंधन के अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सबसे पहले अस्पताल परिसर के गेट पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड को निर्देश दिए की ड्यूटी के दौरान गेट से यहां वहां ना जाएं ड्यूटी पर तैनात रहें। इसके उपरांत कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने गेट के पास ही स्थापित पुलिस चौकी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने तैनात पुलिस जवान को रात्रि में सचेत रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां इमरजेंसी संपर्क सूत्र के बोर्ड का निरीक्षण भी किया। अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया है कि अस्पताल में जगह-जगह आपातकालीन संपर्क सूत्र का फ्लेक्स तैयार कर जिसमें कलेक्टर, एसपी से लेकर सीएमएचओ सिविल सर्जन अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर, पुलिस कंट्रोल रूम इत्यादि के नंबर दर्ज किये जाकर जगह-जगह चस्पा किए जाएं ताकि आवश्यकता पड़ने पर आमजन, अस्पताल के डॉक्टर, स्टाफ, नर्स सहित अन्य इन नंबरों से संपर्क कर सूचित कर सकें।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में पहुंचकर यहां तैनात महिला नर्स से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्थाओं के इंतजामों के बारे में जानकारी ही प्राप्त नहीं की बल्कि उन्होंने नर्स से पूछा कि वह कहां से आती हैं और उन्हें आने-जाने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी या कोई दिक्कते तो नहीं होती सहित अन्य के बारे में पूछा।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में लगाए गए सभी सीसीटीव्ही कैमरे चालू रखकर इन कैमरों की सतत मॉनिटरिंग के लिए दो बड़ी एलईडी लगवाए जाने के निर्देश दिए हैं ताकि अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था की बेहतर ढंग से मॉनिटरिंग हो सके।

कलेक्टर श्री सिंह ने अस्पताल के भूतल स्थित आपातकालीन निकास द्वारा पर ताला लगा पाए जाने पर भी संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने अस्पताल में तैनात सिक्योरिटी गार्ड से संवाद कर उन्हें एक जगह खड़े रहकर ड्यूटी ना करते हुए यहां-वहां घूमते-फिरते रहकर ड्यूटी करें, ड्यूटी अवधि में वह सचेत रहकर कार्य करें ताकि अस्पताल के डॉक्टर, स्टाफ, नर्स, आमजनों एवं अन्य को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना आने पाए।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने अस्पताल में तैनात नर्स गायत्री पटेल और महिला सुरक्षा गार्ड किरण सूर्यवंशी से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में पूछताछ की उन्होंने पूछताछ करते हुए कहा कि भयभीत ना हो उन्हें यदि सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर कहीं कोई समस्या उत्पन्न होती है तो हमें या अस्पताल प्रबंधन को अवगत अवश्य कराएं।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज 1 सितंबर को आएंगे बासौदा, कुरवाई, कार्यकर्ताओं के वाहनों से लगे जाम

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

1 सितंबर को पूर्व मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की संख्या सबसे ज्यादा दिखनी चाहिए उसके लिए सभी कार्यकर्ता अभी से अपनी अपनी पंचायत और अपने-अपने गांव में तैयारी में जुट जाएं उक्त बात बासौदा में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने कहा कि मैं ऐसे सरल स्वभाव के और हर कार्यकर्ता की चिंता करने वाले मेरे मार्गदर्शक पूर्व मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम में मैं चलने का आवाहन करने के लिए आया हूं जहां पर कुरवाई विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ताओं के वाहनों की भीड़ इतनी ज्यादा संख्या होनी चाहिए।

वासौदा की सड़कों पर हमारे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और आम जनता के वाहनों से जाम लग जाए शिवराज सिंह चौहान तो वैसे ही सबके लाडले है उन्होंने हर किसी की चिंता की है तथा मुख्यमंत्री रहते समय प्रदेश के साथ जिले और हमारी कुरवाई विधानसभा की विशेष चिंता करते हुए उसकी को ऊंचाइयों पर पहुंचने का काम किया है। हमें अवसर मिला है कि उनके कार्यक्रम में हमारी संख्या भी अधिक है और उन्हें लगना चाहिए कि कुरवाई के लोग उनसे आज भी कितना अटूट प्रेम करते हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान दिलाने का काम भी किया गया है। केंद्र में कृषि मंत्री की कुर्सी संभालते ही किसानों के हित के लिए कार्य कर रहा है खेती को लाभ का धंधा बनाने का काम भी भाजपा सरकार कर रही है किसानों को सम्मान निधि प्रधानमंत्री के द्वारा प्रारंभ किया प्रदेश सरकार के द्वारा भी कृषक सम्मान निधि दी जा रहीं हैं भाजपा की सरकार ने



केंद्र और प्रदेश से किसानों से लेकर हर बार के कल्याण के लिए योजना का पिटारा खोल दिया है विकास के लिए पैसों की कमी कभी नहीं है। कांग्रेस तो केवल झूठे वादे करती है पर भाजपा जो कहती है वह करती है उन्होंने कार्यकर्ताओं को अलग-अलग तरह की जिम्मेदारी है भी सौंपते हुए कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि यहां से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। वहीं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भगत सिंह रघुवंशी ,मंडल अध्यक्ष राकेश रघुवंशी ने भी अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री अरविंद रघुवंशी के द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# यूएस ओपन टेनिस : अमरीकी खिलाड़ी ने महिला एकल के तीसरे दौर में किया प्रवेश

## स्टर्नस ने 12वीं वरीय रूसी खिलाड़ी डारिया को बनाया उलटफेर का शिकार, बदला मैच का रूख

**न्यूयार्क. एजेंसी**

साल के चौथे और आखिरी ग्रैंड स्लेम यूएस ओपन में उलटफेर का दौर शुरू हो गया है। अमरीका की 22 वर्षीय गैरवरीय खिलाड़ी पैटोन स्टर्नस ने महिला एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई। उन्होंने रूस की 12वीं वरीय खिलाड़ी डारिया कास्ताकिना को 6-1, 7-6 से शिकस्त दी। अब अमरीकी खिलाड़ी का मुकाबला क्रोएशिया की 24वीं वरीय खिलाड़ी डोना वेकिक से होगा। वेकिक ने दूसरे दौर में बेल्जियम की ग्रीट मिनेन को 7-5, 6-1 से शिकस्त दी। फ्रांस की 28वीं वरीय कैरोलिना गार्सिया पहले ही दौर में उलटफेर का शिकार हो गई। इस हार से वह पहले ही निराश थी लेकिन इसके बाद सोशल मीडिया पर हो रही अभ्रदता ने उन्हें और परेशान कर दिया। एक मैसेज में तो उन्हें और उनके परिवार को मारने की धमकी दी गई। गार्सिया ने कहा, आप सोचते हैं कि इससे फर्क नहीं पड़ता, लेकिन सच यह है कि फर्क पड़ता है। मैं भी आखिर एक इंसान हूं।

**इधर, मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ की 16वीं जीत:** अमरीका की 20 वर्षीय खिलाड़ी और महिला एकल की मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ भी तीसरे दौर में आसानी से पहुंच गई। उन्होंने यूएस ओपन में लगातार नौवीं जबकि कुल 16वीं जीत दर्ज की। तीसरी वरीय कोको गॉफ ने दूसरे दौर में जर्मनी की 37 वर्षीय तातजाना मारिया को 6-4, 6-0 से हराया। अब स्वितोलिना से भिड़ंत- कोको गॉफ अब तीसरे दौर में यूक्रेन की 27वीं वरीय एलिना स्वितोलिना से भिड़ेंगी। स्वितोलिना ने हमवतन अन्हेलिना कालिनीना को 6-1, 6-2 से मात दी।



## जोकोविच ने फेडरर को पीछे छोड़ा 90वीं जीत दर्ज की

दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने यूएस ओपन के तीसरे दौर में जगह बनाई। उन्होंने इस टूर्नामेंट में कुल 90वीं जीत हासिल की और पूर्व चैंपियन स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर (89) को पीछे छोड़ा। जोकोविच यूएस ओपन में सर्वाधिक जीत दर्ज करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। जोकोविच ने दूसरे दौर में हमवतन लास्लो डिजेरे को 6-4, 6-4, 6-0 से हराया। नोवाक मैच के दौरान चोटिल हुए और कोर्ट पर ही इलाज कराया। नोवाक जोकोविच बोले मैंने बहुत खराब सर्विस की और बिना सर्विस के आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, दौड़ना पड़ता है। इस जीत के साथ ही जोकोविच की अमेरिकी ओपन में 90वीं जीत हो गई, जिससे वह रोजर फेडरर से एक अंक आगे हो गए, अब केवल जिमी कोनर्स (98) ही 37 वर्षीय फेडरर से आगे हैं।



# अवनी लेखरा ने पैरालिंपिक रिकॉर्ड के साथ शूटिंग गोल्ड जीता

## शूटर मनीष नरवाल ने सिल्वर मेडल दिलाया; भारत ने अब तक 4 मेडल जीते

**पेरिस. एजेंसी**

पेरिस पैरालिंपिक में भारत ने 4 मेडल जीत लिए हैं। विमेंस शूटिंग में अवनी लेखरा ने गोल्ड और मोना अग्रवाल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। मेंस 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में मनीष नरवाल ने सिल्वर दिलाया। विमेंस की 100 मीटर टी-35 कैटेगरी रेस में प्रीति पाल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। भारत के लिए चौथा मेडल मेंस शूटिंग में आया, मनीष नरवाल ने मेंस 10 मीटर एयर पिस्टल की कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने 234.9 के फाइनल स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। कोरिया के जियोन्डू जो ने 237.4 पॉइंट्स के साथ गोल्ड मेडल जीता। वर्ल्ड और पैरालिंपिक रिकॉर्ड होल्डर चीन के चाओ यांग 214.3 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने टोक्यो में 237.9 पॉइंट्स स्कोर कर गोल्ड जीता था, उनके नाम 241.8 पॉइंट्स का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है।

### एक समय टॉप पर पहुंच गई थीं मोना अग्रवाल

अवनी ने कैटेगरी में गोल्ड जीता था। शूटिंग में स॥1 कैटेगरी में वे शूटर शामिल होते हैं, जिनके हाथ, शरीर के निचले हिस्से या पैर प्रभावित होते हैं। या फिर जिनके कोई अंग नहीं होते। क्वालिफिकेशन राउंड में अवनी लेखरा दूसरे और मोना अग्रवाल पांचवें नंबर पर रही थीं। फाइनल में 2 राउंड की शूटिंग बाकी थी, तब मोना 208.1 स्कोर के साथ टॉप पर थीं। अवनी दूसरे और कोरियन शूटर तीसरें नंबर पर थीं। सेकेंड लास्ट राउंड में कोरियन शूटर ने पहला स्थान हासिल कर लिया और अवनी दूसरे पर पहुंची। जबकि मोना तीसरे नंबर पर रहकर गोल्ड मेडल की रेस से बाहर हो गईं। आखिरी राउंड में अवनी ने पैरालिंपिक रिकॉर्ड बनाया और 249.7 के स्कोर के साथ गोल्ड जीत लिया। पिछला पैरालिंपिक रिकॉर्ड 249.6 भी अवनी के ही नाम था, जो उन्होंने टोक्यो में बनाया था। कोरियन शूटर 246.8 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर रहीं।

### अवनी ने पहला मेडल दिलाया

अवनी लेखरा ने पैरालिंपिक गेम्स में भारत को पहला मेडल दिलाया। उन्होंने विमेंस 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग की कैटेगरी में पैरालिंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 249.7 स्कोर किया। कोरिया की युनरी ली को सिल्वर मिला, उनका स्कोर 246.8 रहा। भारत की ही मोना अग्रवाल ने 228.7 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया।

### प्रीति ने दिलाया दिन का तीसरा मेडल

विमेंस 100 मीटर टी-35 कैटेगरी की रेस में भारत को ब्रॉन्ज मेडल मिला। प्रीति पाल ने 14.21 सेकेंड में रेस पूरी कर तीसरा स्थान हासिल किया। यह उनकी करियर बेस्ट टाइमिंग रही। गोल्ड और सिल्वर मेडल चीन के खाते में गए। जिया झोऊ ने 13.58 सेकेंड के साथ पहला और किआन गुओ ने 13.74 सेकेंड के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

### थ्रो में छठे नंबर पर रहीं साक्षी

विमेंस डिस्कस थ्रो की स्न55 कैटेगरी के फाइनल में भारत की दोनों एथलीट्स मेडल से चूक गईं। साक्षी कसाना छठे और ज्योति करम 7वें नंबर पर रहीं। साक्षी का बेस्ट स्कोर 21.49 और ज्योति का 20.22 रहा। चीन की फेक्सिया ने 26.39 के बेस्ट स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता। मेक्सिको की मारिया रोसा को सिल्वर और लात्विया की डायना क्रुमिना को ब्रॉन्ज मेडल मिला।

### बैडमिंटन मैच हारीं मानसी

पैरा बैडमिंटन विमेंस सिंगल्स में भारत की मानसी जोशी को ग्रुप स्टेज के दूसरे मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें यूक्रेन की ओक्साना कोजीना ने 10-21, 21-15, 23-21 से हराया। इससे पहले, उन्हें पहले मुकाबले में इंडोनेशियाई की नंबर-1 सीड कोनिता सयाकुरोह के खिलाफ हार मिली थी।

### आज ये भी इवेंट्स

अरशद शेख मेंस ष्ट-2 3000 मीटर इंडिविजुअल परस्यूट क्वालिफाइंग इवेंट में भाग लेंगे। वहीं, मनु मेंस के शॉट पुट स्न-37 फाइनल में खेलेंगे। भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने पेरिस पैरालिंपिक के विमेंस कंपाउंड इंडिविजुअल इवेंट के रैंकिंग राउंड में दूसरा स्थान हासिल किया है। पहली बार पैरालिंपिक में हिस्सा ले रहीं 17 साल की शीतल ने 720 में से 703 अंक हासिल किए।

**फर्नांडो को 5 विकेट; श्रीलंका 196 रन बनाकर ऑलआउट**

# लॉर्डस टेस्ट में इंग्लैंड 256 रन से आगे एटकिंसन और रूट ने लगाई सेंचुरी

**लंदन. एजेंसी**

इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। दूसरे दिन इंग्लैंड से तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने शतक लगा दिया। एटकिंसन की सेंचुरी के दम पर टीम ने पहली पारी में 427 रन बना दिए। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी शुरू की, लेकिन टीम 196 रन ही बना सकी। इंग्लैंड ने दूसरे ही दिन अपनी दूसरी पारी शुरू कर दी, टीम ने 1 विकेट खोकर 25 रन भी बना लिए। इस तरह उनके पास फिलहाल 256 रन की बढ़त है। टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड से जो रूट ने अपने करियर का 33वां शतक लगाया था। उन्होंने 143 रन की पारी खेली। श्रीलंका से तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो ने 5 विकेट लिए। इंग्लैंड ने पहले दिन 7 विकेट खोकर 358 रन बनाए थे। दूसरे दिन गस एटकिंसन ने 74 और मैथ्यू पॉट्स ने 20 रन के स्कोर से अपनी-अपनी पारी आगे बढ़ाई। एटकिंसन ने तेजी से रन बनाना जारी रखा और अपने करियर की पहली सेंचुरी लगा दी।

### रत्नायके ने पकड़ा डाइविंग कैच



एटकिंसन इंग्लैंड के 9वें विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें असिथा फर्नांडो ने शॉर्ट पिच बॉल फेंकी, एटकिंसन ने पुल शॉट खेला। गेंद बाउंड्री की ओर जा रही थी, तभी मिलन रत्नायके ने पीछे की हवा में डाइव लगाई और बेहतरीन कैच पकड़ लिया। एटकिंसन ने 118 रन की पारी में 14 चौके और 4 सिक्स लगाए। इंग्लैंड के लिए आखिर में मैथ्यू पॉट्स ने 21, ओली स्टोन ने 15 और शोएब बशीर ने 7 रन बनाए। टीम ने 102 ओवर बैटिंग कर 427 रन बनाए। श्रीलंका से तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो ने 5 विकेट लिए। मिलन रत्नायके और लहिरु कुमारा को 2-2 सफलताएं मिलीं, जबकि प्रबाथ जयसूर्या ने एक विकेट लिया।

## स्टार बल्लेबाज फ्लॉप, मुंबई की टीम हारी

**कोयंबटूर. एजेंसी**

श्रेयस अय्यर व सरफराज खान फ्लॉप रहे जबकि सूर्यकुमार यादव ने चोट संबंधित चिंता के कारण शुक्रवार को यहां बल्लेबाजी नहीं की। स्टार खिलाड़ियों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण मुंबई को तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) एकादश के हाथों 286 रन से हार मिली और टीएनसीए ने बुची बाबू टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मुंबई टीम 510 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन 223 रन पर सिमट गई।



# थमी विकास की रफ्तार: खेती व सर्विस सेक्टर का खराब प्रदर्शन

**मेट्रो बाजार**

**नईदिल्ली. एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के कारण केंद्र सरकार की ओर से इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर खर्च (कैपिटल एक्सपेंडिचर) घटने और कृषि के साथ सर्विस सेक्टर के खराब प्रदर्शन के कारण डेढ़ साल में पहली बार भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 फीसदी से कम बढ़ी है। सांख्यिकी मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2024-25 की पहला तिमाही यानी जून तिमाही में जीडीपी केवल 6.7 फीसदी की दर से बढ़ी, जो पिछले 15 महीने की सबसे सुस्त रफ्तार है। वर्ष 2023-24 की जून तिमाही में अर्थव्यवस्था 8.2 फीसदी और मार्च तिमाही 2024 में 7.8 फीसदी बढ़ी थी। इस साल अप्रेल



से जुलाई के बीच कैपेक्स 2.61 लाख करोड़ रुपए रहा, जो सालाना लक्ष्य का 23.5 फीसदी है जबकि पिछले साल समान अवधि में यह 31.7 फीसदी था। कैपेक्स में यह गिरावट चुनाव के कारण आचार संहिता लगने से आई, जिसका असर जीडीपी ग्रोथ पर पड़ा है। 17.2 फीसदी पर पहुंचा फिस्कल डेफिसिट बजट लक्ष्य का, 2.77 लाख करोड़ रुपए रहा राजकोषीय घाटा अप्रेल से जुलाई के बीच रहा। भारत का राजकोषीय घाटा मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार महीने यानी अप्रेल-जुलाई के दौरान 2.77 लाख करोड़ रहा, जो पूरे वित वर्ष के बजट अनुमान का 17.2 फीसदी है। साथ ही कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट के कारण जुलाई में 8 प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 6.1 फीसदी जो पिछले साल 8.5 फीसदी थी। यह मासिक आधार पर जून के 5.1 फीसदी से ज्यादा रही।

## काबुली चने की कीमतों में 300 रु. क्विंटल का उछाल

**इंदौर. एजेंसी**

उपभोक्ता मामलों, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार सरकार 5 लाख टन चने के आरक्षित स्टॉक बिक्री करने पर विचार कर रही है ताकि इससे चने की कीमतों को नियंत्रण किया जा सके। व्यापारियों का कहना है कि मिलर्स के पास बुहत कम स्टॉक है। यदि सरकारी बिक्री होती है तो आपूर्ति में मदद मिलेगी। तीसरे अग्रिम सरकारी अनुमान के अनुसार 2023-24 में चने के उत्पादन का अनुमान 116 लाख टन लगाया गया है, जो पिछले साल के 123 लाख टन से कम है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार जनवरी-जून के दौरान भारत के कुल देशी चने का आयात 75409 टन तक बढ़ गया, जो पिछले साल 2471.35 टन था। बताया जा रहा है कि सरकार देश भर में चने की उपलब्धता बढ़ाने के लिए वर्तमान में काबुली चने पर लगने वाले 40 प्रतिशत आयात शुल्क को होटाने पर भी विचार कर रही है। इंदौर मंडी में काबुली चने की कीमतों में 300 रुपए क्विंटल भाव बढ़ा है। मंडी में काबुली चना 13000 से 15000 रुपए क्विंटल रहा। आवक 2500 बोरी की रही।




## सेबी का फैसला... जो शेयर तय पैमाने पर खरे नहीं उतरेंगे वे होंगे बाहर

**मुंबई. एजेंसी**

बाजार नियामक सेबी ने फ्यूचर एंड ऑप्शन (एफएंडओ) को लेकर नया सर्कुलर जारी किया है। सेबी ने डेरिवेटिव सेगमेंट में कंपनियों के लिए एंट्री और एग्जिट के नियमों को सख्त कर दिया है, ताकि स्टॉक मैनिपुलेशन (शेयर की कीमतों में हेर-फेर) पर लगाम लग सके। सेबी के नए नियमों के मुताबिक, जो शेयर तय पैमाने पर खरे नहीं उतरेंगे, उन्हें एफएंडओ सेगमेंट से बाहर कर दिया जाएगा। शेयर एक बार डेरिवेटिव सेगमेंट से एग्जिट हो गया तो एक साल तक दोबारा एंट्री नहीं मिलेगी। सेबी का मकसद डेरिवेटिव सेगमेंट में हाई क्वालिटी और सफिशिएंट मार्केट डेप्थ वाली कंपनियों को रखना है। ताकि इनके शेयर प्राइस में आसानी से हेर-फेर नहीं हो सके। सेबी ने मार्केट वाइड पोजिशन लिमिट यानी ओपन कॉन्ट्रैक्ट्स की अधिकतम संख्या को बढ़ाकर 1500 करोड़ कर दिया है।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# राजकुमार राव ने पार्ले-जी खाकर गुजारे दिन, टीचर ने भरी थी स्कूल की फीस



एक्टर राजकुमार राव ने बॉलीवुड में आने से पहले काफी स्ट्रगल किया. कभी उन्हें पार्ले-जी खाकर गुजारा करना पड़ा. वहीं आर्थिक तंगी के दौरान उनके टीचर ने उनकी स्कूल फीस भरी थी. बॉलीवुड के शानदार एक्टर राजकुमार राव इन दिनों अपनी फिल्म स्त्री 2 की सुपर सक्सेस को एन्जॉय कर रहे हैं. 15 अगस्त के मौके पर रिलीज हुई इस फिल्म के जरिए एक बार फिर से राजकुमार ने अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है. स्त्री 2 सिनेमाघरों में गर्दा उ?ाते हुए ब्लॉकबस्टर साबित हो चुकी है. स्त्री 2 के जरिए एक बार फिर से फैंस को अपना दीवाना बनाने वाले राजकुमार राव 31 अगस्त को अपना 40वां जन्मदिन मनाने वाले हैं. एक्टर का जन्म हरियाणा के गुरुग्राम में 31 अगस्त 1984 को हुआ था. राजकुमार बॉलीवुड में 14 साल से है और अब हिंदी सिनेमा के टॉप एक्टर्स में गिने जाते हैं. हालांकि ये सफर उनके लिए आसान नहीं रहा. राजकुमार का जन्म एक मध्यमवर्गीय फैमिली में हुआ था. राजकुमार के पिता का नाम सत्यपाल यादव था. और मां का नाम कमलेश यादव. राजकुमार के माता-पिता दोनों ही अब इस दुनिया में नहीं है. उनके पिता का साल 2019 में और मां का साल 2017 में निधन हो गया था. राजकुमार की फैमिली को कभी पैसों की तंगी से भी जूझना प?ा था. तब एक्टर की 2 साल की स्कूल फीस उनके एक टीचर ने भरी थी. एक्टर बनने का सपना लिए राजकुमार राव ने मुंबई का रुख किया. हालांकि उनके लिए यहां रहने का कोई ठिकाना नहीं था. न ही आमदनी का कोई जरिया था. तब एक्टर कभी पार्ले-जी बिस्कुट खा लेते थे तो कभी फ्रूटी पीकर गुजारा करते थे. एक्टिंग की बारीकियां सीखन के लिए राजकुमार ने फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से एक्टिंग कोर्स किया. इसके बाद उन्होंने कई एड में काम किया. उन्हें फिल्मों के लिए ऑडीशन के लिए दर-दर भी भटकना पड़ा. राजकुमार राव को कड़े संघर्ष के बाद डायरेक्टर दिबाकर बनर्जी की फिल्म लव, सेक्स और धोखा में ब्रेक मिल गया था. ये फिल्म साल 2010 में रिलीज हुई थी. फिल्म के लिए ऑडीशन देने के बाद उन्हें बाद में कॉल करके उनके सिलेक्शन की जानकारी दी गई थी. बता दें कि राजकुमार को लव, सेक्स और धोखा के लिए सिर्फ 11 हजार रुपये फीस दी गई थी.

# कंगना की 'इमरजेंसी' को सेंसर बोर्ड की न, एक्ट्रेस बोलीं- कोर्ट जाउंगी



बॉलीवुड की बेबाक एक्ट्रेस कंगना रनौत इन दिनों अपनी फिल्म इमरजेंसी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं. जिसमें वो पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी. लेकिन एक्ट्रेस की ये फिल्म रिलीज से पहले विवादों में घिरती दिखाई दी. जिसको लेकर अब कंगना ने बड़ा बयान दिया और कहा कि वो इसके लिए अब कोर्ट जाने को भी तैयार है. दरअसल कंगना रनौत हाल ही में अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में एक्ट्रेस अपनी फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर खुलकर बात करती नजर आई. एक्ट्रेस ने कहा कि, कई तरह की अफवाहें उड़ रही है कि इमरजेंसी को सर्टिफिकेट मिल गया है. लेकिन ऐसा नहीं है. हमारी फिल्म क्लियर हो गई थी. लेकिन उसकी सर्टिफिकेशन रोक दी गई है. कंगना ने आगे कहा कि इस वक्त हमें बहुत ज्यादा धमकियां आ रही है जान से मारने देने की. साथ ही सेंसर वालों को भी बहुत धमकियां मिल रही है. जिसके बाद हमपर ये प्रेशर है कि मिसेज गांधी की हत्या ना दिखाई जाए. पंजाब राइट्स ना दिखाए. तो मुझे अब ये समझ नहीं आ रहा कि अब क्या दिखाया जाए. ये मेरे लिए बहुत हैरान कर देने वाला वक्त है.



# रजनीकांत की फिल्म 'कुली' में प्रीति बन छाएंगी श्रुति हासन

सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। फिल्म पर आए दिन कोई ना कोई अपडेट सामने आ रहा है। निर्माताओं ने अब एक-एक कर इसकी स्टारकास्ट से पर्दा उठाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में लोकेश कनगराज ने फिल्म की पहली महिला लीड का खुलासा किया है। आगामी गैंगस्टर एक्शन ड्रामा के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पेज पर अभिनेत्री श्रुति हासन के किरदार पोस्टर को साझा किया, जिसे देखकर प्रशंसक गदगद हो उठे हैं। निर्माताओं की तरफ से जारी किए गए मोनोक्रोमैटिक पोस्टर में अभिनेत्री को रजनीकांत अभिनीत फिल्म में प्रीति के रूप में पेश किया गया है। नए किरदार पोस्टर में श्रुति हासन को एक कुदाल पकड़े हुए दिखाया गया है। पोस्टर में अभिनेत्री का इंटेंस लुक देखते ही बन रहा है। दिलचस्प बात यह है कि उनकी लाल बिंदी भी हाईलाइट की गई है। नए रोमांचक अपडेट को साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, कुली की दुनिया से श्रुति हासन को प्रीति के रूप में पेश कर रहे हैं। इससे पहले, निर्माताओं ने मलयालम अभिनेता सौबिन शाहिर और तेलुगु स्टार नागार्जुन के पोस्टर से पर्दा उठाया था। हालांकि, निर्माताओं ने श्रुति हासन के किरदार के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी है, लेकिन यह व्यापक रूप से अनुमान लगाया गया है कि वह फिल्म में रजनीकांत की बेटी की भूमिका निभाएंगी। हालांकि, इस पर अभी भी आधिकारिक अपडेट का इंतजार है। कुली फिल्म का निर्माण सन पिक्चर्स द्वारा किया गया है, जिसमें अनिरुद्ध रविचंदर संगीत निर्देशक हैं। वहीं, फिल्म को 2025 में रिलीज करने की योजना है। जानकारी के मुताबिक, कुली लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स की फिल्म नहीं होगी। कुली सोने की तस्करी माफिया की कहानी पेश करेगी।

# सफर के दौरान महिलाओं के पर्स चोरी जेवरात मोबाइल समेत हजारों का सामान ले उड़े बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। शहर से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। सफर के दौरान कई महिलाओं और यात्रियों के पर्स, जेवरात और मोबाइल समेत हजारों का सामान चोरी चला गया। जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**



जानकारी के अनुसार जौनपुर उत्तर प्रदेश निवासी आशीष चौबे पिछले दिनों अपनी पत्नी के साथ गोरखपुर स्पेशल ट्रेन में दादर से वाराणसी की यात्रा कर रहे थे। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर पत्नी की नींद खुली तो उनका पर्स गायब था। पर्स में मंगलसूत्र, सोने की रिंग, मोबालि चार्जर, ब्लूटूथ, आधार कार्ड, पेन कार्ड, 11 हजार रुपये नकदी समेत हजारों का सामान रखा था। इसी प्रकार बंद्रा देवी त्रिवेंद्रम एक्सप्रेस में इंदौर से आंध्रप्रदेश की यात्रा कर रही थी। इस दौरान उनका पर्स चोरी हो गया। पर्स में 5 हजार रुपये नकद, 10 हजार रुपये का मोबाइल फोन समेत जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। इसी प्रकार भोपाल निवासी अदिति सिंह जयपुर एक्सप्रेस में जयपुर से भोपाल की यात्रा कर रही थी। स्टेशन पर उतरने के बाद वह प्लेटफार्म क्रमांक 6 से बाहर निकली और फोन लगाने के लिए मोबाइल निकाला। इस दौरान बैग के अंदर रखा छोटा पर्स गायब था। पर्स में तीन डेबिट कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, 13 हजार रुपए नकद, 10 हजार रुपए कीमत का एक मोबाइल फोन समेत अन्य सामान गायब था। सीट के नीचे रखा युवक का बैग चोरी रीवा निवासी आदर्श गुप्ता (20) अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस में इंदौर से रीवा की यात्रा कर रहा था। सफर के दौरान उसने अपना बैग सीट की नीचे रखा था। रात करीब दो बजे संत हिरदाराम नगर स्टेशन निकलने के बाद उसकी नींद खुली तो देखा कि सीट के नीचे रखा बैग गायब है। बैग के अंदर इस्तेमाली कपडे, 4 हजार रुपए नकद, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस, वोटर आईडी, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, आईफोन का चार्जर और खाने पीने का सामान रखा हुआ था। जीआरपी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## भोपाल स्टेशन पर महिला के बैग से जेवरात चोरी

भोपाल स्टेशन पर एक महिला के बैग से चोर जेवरात और नकदी समेत हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। कई अन्य यात्रियों के हजारों रुपए कीमत के मोबाइल फोन और बैग चोरी हो गए। जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी सुनीता राठौर अपनी रिश्तेदार के साथ इंटरसिटी एक्सप्रेस से अकोदिया से भोपाल आई थी। स्टेशन पर उतरने के बाद देखा तो उनके पस की चैन खुली थी और अंदर रखा छोटा पर्स नहीं था। पर्स में सोने के कंगन 2 तोला, एक पेंडल, 5 हजार रुपए नकदी समेत करीब 50 हजार का सामान रखा था। इसी प्रकार खंडवा निवासी नीलेश अग्रवाल काम से भोपाल आए थे। वापस लौटते समय भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक छह पर वह अपना मोबाइल चार्ज कर रहे थे, तभी किसी ने उनका पिट्ठू बैग चोरी कर लिया। बैग में आठ हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन, 2 एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, वोटर कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड समेत अन्य सामान रखा था। दो युवकों के कीमती मोबाइल उड़ाए टीकमगढ़ निवासी अंकेश केवट महामना एक्सप्रेस से भोपाल आया था। रात में वह प्लेटफार्म क्रमांक 6 पर सो गया। इसी बीच किसी ने पैंट की जेब में रखा 12 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। इसी प्रकार इंदौर निवासी अभिषेक पांचाल स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस में तिरुपति से भोपाल की यात्रा कर रहा था। सफर के दौरान उसने अपना मोबाइल तकिए के पास रखा था। भोपाल स्टेशन आने से पांच मिनट पहले देखा तो उसका मोबाइल चोरी हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 34 हजार रुपए बताई गई है।

## आधे घंटे के भीतर चोरी हो गया ई-ऑटो, दोपहिया वाहन भी ले उड़े बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




भोपाल रेलवे स्टेशन के सामने खड़ा एक व्यक्ति का बैटरी आटो आधे घंटे के भीतर चोरी चला गया। घटना के समय चालक आटो खड़ा करके पंचर की दुकान पर चला गया था। इधर कई अन्य इलाकों से दोपहिया वाहन चोरी हो गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हनुमानगंज पुलिस के मुताबिक हेमंत कुमार सेन (54) विश्वकर्मा नगर करोंद में रहते हैं और बैटरी आटो चलाते हैं। बुधवार की शाम करीब पांच बजे वह भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 6 के मेन गेट के सामने अपना बैटरी आटो खड़ा किया और पंचर की दुकान पर चले गए। करीब आधे घंटे बाद वापस लौटे तो आटो गायब था। काफी तलाश करने के बाद भी जब आटो का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। चोरी गए आटो की कीमत 2 लाख रुपये बताई गई है। इसी प्रकार जहांगीराबाद स्थित लद्दाखपुरा से मो। फरान और अफजल कालोनी से नदीम खान की स्कूटर चोरी हो गई। एनसीसी ग्राउंड पिपलानी से सुखवीर सिंह, ग्रीन सिटी अस्पताल की पार्किंग गौतम नगर से शरीफ खान, निशातपुरा स्थित पीपुल्स मॉल से अजय कुशवाह और बैरागढ़ स्थित पीएनबी रोड से जितेश जिनानी का दोपहिया वाहन चोरी हो गया। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित मल्टी वाजपेयी नगर में बीती रात एक बुजुर्ग ने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उन्हें फांसी के फंदे से उतारकर हमीदिया अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 63 साल के सलीम खान, मल्टी वाजपेयी नगर में रहते थे। शुक्रवार रात उन्होंने अपने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उन्हें फंदे से



उतारकर अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सलीम का शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया था। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं परिजन से प्राथमिक पूछताछ में भी आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई है। इधर गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित नारियलखेड़ा में रहने वाले आलोक विश्वकर्मा ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। परिजन ने बताया कि बुधवार रात वह खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए थे। शुक्रवार सुबह परिजन की नजर पड़ी तो आलोक कमरे में फांसी लगा चुका था।

## राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मानस भवन में जिझौतिया ब्राह्मण समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया।



## बिरयानी खाने पहुंचे युवक को बदमाश ने पीटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हनुमानगंज इलाके में शुक्रवार तड़के एक बदमाश ने युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान बीच-बचाव करने वाले युवक के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार माजिद हुसैन (40) गली नंबर चार, काजीकैंप हनुमानगंज में रहता है और स्क्रैप का काम करता है। शुक्रवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे वह काजीकैंप स्थित अन्नी बिरयान पर बिरयानी खाने पहुंचा था। इसी बीच बदमाश अरशद बब्बा दुकान पर पहुंचा और बिना किसी बात के माजिद के साथ गाली-गलौज करने लगा। माजिद ने जब उसे गाली देने से मना किया तो उसने गिरेबान पकड़कर उसके साथ मारपीट कर दी। दुकान पर मौजूद एक युवक ने बीच-बचाव किया तो अरशद ने उसके साथ भी मारपीट की। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया तो अरशद धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## छात्रा का दैहिक शोषण, पुलिस ने किया युवक को गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में कॉलेज की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बलात्कार और दैहिक शोषण समेत पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार कटारा हिल्स निवासी 21 साल की युवती कालेज में पड़ती है। करीब 4 साल पहले सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी पहचान तेजस्व राव नामक युवक से हुई थी। बाद में दोनों के बीच दोस्ती हो गई और वह साथ घूमने-फिरने लगे। दिसंबर 2021 में तेजस्व युवती को घुमाने के बहाने शाहपुरा की एक होटल लेकर पहुंचा और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद उसने कई बार उसी होटल में ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पिछले दिनों युवती को पता चला कि तेजस्व किसी दूसरी युवती के संपर्क में है तो उसने दूरी बना ली। उसके बाद तेजस्व शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालने लगा। परेशान होकर पीड़िता ने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

## पीएचक्यू के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भावभीनी विदाई

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं से अगस्त में सेवानिवृत्त 6 कर्मचारियों को विशेष पुलिस महानिदेशक विजय कटारिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार को भावभीनी विदाई दी। वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी को स्मृति चिन्ह भेंट किए और उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके विभिन्न स्वत्व (क्लेम) भुगतान के आदेश भी प्रदान किए गए। नवीन पुलिस मुख्यालय भवन कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित विदाई समारोह में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार, पवन कुमार श्रीवास्तव, योगेश मुद्गल, पुलिस महानिरीक्षक रुचिवर्धन मिश्रा सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे। पुलिस मुख्यालय से सेवानिवृत्त कार्यवाहक निरीक्षक (प्रेस) सैयद अशफाक, सूबेदार (एम) डी-एण्ड अपील शाखा मनोज मिश्रा, सूबेदार (एम) कार्मिक शाखा, आरएन पटेल उप निरीक्षक (एम) आडिट शाखा, लता पवार कार्यवाहक उप निरीक्षक (फोटो) अअवि शाखा, अमित आचार्य तथा आरक्षक (एम) कल्याण शाखा तेजराम उमरे को पुलिस मुख्यालय परिवार ने भावभीनी विदाई दी। सहायक पुलिस महानिरीक्षक डॉ. अंशुमान अग्रवाल ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। विदाई समारोह में मौजूद अधिकारियों ने सेवानिवृत कर्मचारियों की मेहनत और लगन की सराहना की।

## तस्कर से सवा दो लाख रुपए का गांजा जब्त

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 11 किलो गांजा जब्त किया। जब्त गांजे की कीमत 2.20 लाख रुपए है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि न्यू बैरसिया बस स्डैंट की निमार्णाधीन बिल्डिंग आरिफ नगर के पास एक व्यक्ति मौजूद है, जिसके पास प्लास्टिक की बोरी में मादक पदार्थ हो सकता है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम सुरेश गौर (55) निवासी फ्रीगंज गल्लामंडी थाना मंडी जिला सीहोर बताया। उसके पास मौजूद बोरी की तलाशी लेने पर अंदर 11 किलोग्राम गांजा रखा मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। जब्त हुए गांजे की कुल कीमत 2.20 लाख रुपए बताई गई।

## बिजली कार्यालय से उपकरण हो गए चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चांदबड़ स्थित बिजली कार्यालय से चोर उपकरण चोरी कर ले गए। खास बात यह है कि कार्यालय का कोई भी ताला नहीं तोड़ा गया था। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शारदा पाठक एमपीईबी कार्यालय में जेई के पद पर हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बीती सोलह अगस्त को एचटी टेस्टिंग किट वाला सूटकेस कार्यालय में रखकर घर चले गए थे। बीस अगस्त को देखा तो सूटकेस में रखी टेस्टिंग लीड नहीं थी। आफिस के अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ में पता चला कि दो अन्य पीआई किट गायब हैं। इस प्रकार तीनों एचटी टेस्टिंग किट की कुल 51 लीड गायब थी।

## पंचायत भवन का ताला तोड़ 50 हजार की एलईडी चोरी

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित गांव बोरदा में पंचायत भवन का ताला तोड़कर बदमाश एलईडी चुराकर ले गए। चोरी गई एलईडी की कीमत पचास हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात चोरों पर प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। बटनलाल सूर्यवंशी पंचायत भवन में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गुरुवार शाम काम खत्म होने के बाद पंचायत भवन में ताला लगा दिया गया था। शुक्रवार सुबह वे पंचायत भवन पहुंचे तो ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि बदमाश एलईडी चुराकर ले गए हैं। इधर, कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित लखेरापुरा में चोर लखेरापुरा स्कूल के बाहर खड़ी एक्टिवा चुराकर ले गए।




**मेट्रो एंकर** बिजली विभाग के सहायक यंत्री ने दर्ज कराई शिकायत

## शासन के खिलाफ नारेबाजी करने पर केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। बिजली की समस्या को लेकर शासन के खिलाफ नारेबाजी करने वाले रहवासियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है। उक्त प्रकरण बिजली विभाग के सहायक यंत्री की शिकायत पर दर्ज किया गया। इसके पहले भी रहवासी बिजली समस्या को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर उच्च स्तर पर शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो सका।**




पुलिस ने बताया कि रविंद कुमार अग्रवाल (54) चांदबड़ स्थित विद्युत मंडल कार्यालय में सहायक यंत्री हैं। उन्होंने गुरुवार को एक लिखित शिकायत पुलिस को दी थी। शिकायत में बताया गया कि ग्राम खेजड़ा बरामद में छोटी-छोटी कालोनियां हैं, वहां बिजली के कनेक्शन लंबी-लंबी केबल के सहारे चल रहे हैं। इन अवैध कनेक्शनों को वैध करने के लिए लगातार प्रसार करने के साथ ही लोगों को नोटिस दिए जा रहे हैं। इलाके के 81 उपभोक्ताओं से 41 लाख रुपए की राशि जमाकर स्थाई कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इसको लेकर हनी शर्मा और गांव के करीब आधा दर्जन रहवासी गुरुवार दोपहर उनके कार्यालय पहुंचे। अग्रवाल उन्हें शासन की योजना के बारे में जानकारी दे रहे थी, तभी रहवासियों ने शासन के लिए नारेबाजी करनी शुरू कर दी। जब उन्हें बताया गया कि वह शासकीय कार्य में बाधा पहुंचा रहे हैं तो वह बदसलूकी करते हुए गांव में नहीं आने की धमकी देने लगे। पुलिस ने इस शिकायत के आधार पर रहवासियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022